CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2021-23

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव







वर्ष- 41 | अंक - 149 | राजनांदगांव, मंगलवार 18 अप्रैल 2023 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# देश में कराई जाए जातिगत जनगणना, खत्म हो 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि देश में हर 10 साल पर होने वाली जनगणना जल्द कराई जाए और व्यापक जाति आधारित जनगणना को इसका अभिन्न हिस्सा बनाने के साथ ही आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा खत्म की जाए। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर यह आग्रह किया। दूसरी ओर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जातिगत जनगणना से गरीबों को फायदा होगा।



खरगे ने 16 अप्रैल की तारीख वाले इस पत्र में प्रधानमंत्री से कहा है कि मैं एक बार फिर जाति आधारित नवीनतम जनगणना कराने का आग्रह करता हूं। मेरे सहयोगियों और मैंने संसद के दोनों सदनों में कई बार यह मांग उठाई है। अन्य विपक्षी दलों ने भी इस मांग को रखा है। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं कि संप्रग सरकार ने पहली बार 2011-12 के दौरान करीब 25 करोड़ परिवारों को कवर करते हुए सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना कराई थी। मई, 2014 में आपकी सरकार आने के बाद कांग्रेस और अन्य सांसदों ने इसे जारी करने की मांग की, लेकिन कई कारणों से जातिगत आंकड़े जारी नहीं किए गए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुझे आशंका है कि नवीनतम जातिगत जनगणना के अभाव में सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण कार्यक्रमों विशेष रूप से ओबीसी के उत्थान के लिए बेहद आवश्यक डाटा बेस अधूरा है। यह जनगणना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने आग्रह किया कि जनगणना जल्द कराई जाए और जाति आधारित जनगणना को इसका हिस्सा बनाया जाए।

### ओबीसी जनगणना के आंकड़े किए जाएं सार्वजनिक

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीदर में एक चुनावी सभा में आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा हटाने को लेकर अपना रुख सोमवार को फिर दोहराया और कहा कि 2011 की जनगणना के जातिगत आंकड़ों को सार्वजनिक किया जाए, ताकि अन्य पिछड़ा वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण दिया जा सके। उन्होंने कहा कि मोदी जी, ओबीसी के बारे में सिर्फ खोखली बात मत करिए। जनगणना के जातिगत आंकड़े जारी करिए और 50 प्रतिशत की सीमा को हटाइए, दलित और आदिवासी की जितनी आबादी है, उनको उतना आरक्षण दीजिए। अगर आप नहीं कर सकते तो हट जाइए, हम करते हैं। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि सरकार जनगणना के जातिगत आंकड़े को जारी करने में हिचकिचाहट क्यों दिखा रही है... प्रधानमंत्री खुद को ओबीसी बताते हैं, जाति की राजनीति करते हैं, लेकिन संख्या नहीं गिनेंगे। जब पेड़, पशु और शिशु गिन लेते हैं, तो जाति गिनने में क्या दिक्कत है? कुमार ने सवाल किया कि अगर बिहार की सरकार जातिगत सर्वेक्षण करवा सकती है, तो केंद्र सरकार जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवा सकती? उन्होंने कहा, 2021 में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दंतेवाड़ा में बरामद हुई दस किलो की प्रेशर आईईडी, बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट होने से एक जवान घायल



जगदलपुर। दंतेवाड़ा के अरनपुर थाना क्षेत्र से सीआरपीएफ जवानों की टुकड़ी बैनपल्ली गांव की ओर सर्चिंग पर निकली हुई थी।सर्चिंग से वापस आ रहे जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों ने दस किलो की वजनी प्रेशर आईईडी रास्ते मे लगा रखी थी। जिसे जवानों की सूझबूझ से रिकवर कर डिफ्यूज कर गया है। अरनपुर से जगरगुंडा सड़क में तैनात सीआरपीएफ की 231 बटालियन के द्वारा आईईडी रिकवर कर सुरक्षित डिफ्यूज कर बड़े हादसे को रोकने में कामयाब हुई। डीएसएमडी के माध्यम से जवानों के साथ बम निरोधक दस्ता के द्वारा रास्ते मे आईईडी लगे होने की सूचना सीआरपीएफ के कमाडेड सुरेंद्र सिंह, सहायक कामांडेड अर्जुन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तकनीकी खराबी से बेपटरी हुई मालगाड़ी

दंतेवाड़ा। जिले में एक बार फिर ट्रेन के बेपटरी होने का मामला सामने आया है। गनीमत थी कि यह मालगाड़ी ट्रेन खाली थी। दरअसल, जानकारी के अनुसार दन्तेवाड़ा से किरन्दुल तरफ जा रही खाली मालगाड़ी भांसी रेल्वे स्टेशन से एक किलोमीटर आगे पोल क्रमांक 425(14) के पास पास पटरी से उतर गई। रेलगाड़ी के दो डब्बे करीबन 6.45 बजे तकनीकी खराबी के कारण बेपटरी हुई। वहीं बताया जा रहा है कि रेलवे के कर्मचारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। बता दें कि ये क्षेत्र नक्सल प्रभवित क्षेत्र हैं, जंहा नक्सली इस रूट पर कमालूर से नेरली के पास दर्जनों बार रेल को अपना निशाना बना चुके हैं। पुलिस के द्वारा जो जानकारी दी गई है उसके मुताबिक तकनीकी कारणों से विशाखापटनम से बैलाडिला जा रही खाली ट्रेन के दो डिब्बे बेपटरी हो गए हैं। ट्रेन के पटरी से उतर जाने के कारण इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही बंद हो गई है। वहीं नक्सल क्षेत्र होने के चलते सुधार कार्य भी सुरक्षा के बीच ही इस क्षेत्र में किया जाएगा। इस रूट पर सबसे ज्यादा लौह अस्यस्क भर कर ही ट्रेनों की आवाजाही होती है।

# महाराष्ट्र भूषण' पुरस्कार समारोह में 'हीटवेव' से 11 लोगों की मौत, सीएम शिंदे ने किया मुआवजे का ऐलान



मुंबई। नवी मुंबई के खारघर में रविवार को महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह के दौरान 'हीटवेव' के चलते 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोगों को गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल ले जाया गया। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एमजीएम अस्पताल का दौरा किया जहां मरीजों का इलाज किया जा रहा है। वर्तमान में 24 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी है कि मुख्यमंत्री शिंदे ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। कार्यक्रम करीब 11.30 बजे शुरू हुआ और दोपहर करीब 1 बजे तक चला। राजस्व विभाग के एक अधिकारी जो कार्यक्रम स्थल पर ड्यूटी पर थे ने कहा 'कुल 123 लोगों ने आयोजन के दौरान गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों, जैसे डिहाइड्रेशन की शिकायत की। उन्हें तुरंत कार्यक्रम स्थल पर स्थापित 30 मेडिकल बूथों के लिए भेजा गया। जिन 13 मरीजों को और इलाज की जरूरत थी, उन्हें अलग-अलग निजी अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया और उनमें से एक की हालत गंभीर है।

# सीएम बघेल ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, संशोधित आरक्षण विधेयक को संविधान की नवमी अनुसूची में शामिल करने का किया अनुरोध

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सीएम बघेल ने पत्र के जरिए दिसम्बर 2022 में छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्य के विभिन्न वर्गों अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और ईडब्ल्यूएस के लोगों को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण देने के उद्देश्य से पारित विधेयक के अनुसार आरक्षण के संशोधित प्रावधान को संविधान की नवमीं सूची में शामिल करने का आग्रह किया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा दिसम्बर 2022 में पारित आरक्षण (संशोधन) विधेयक में राज्य में अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत और ईडब्ल्यूएस को 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। सीएम बघेल ने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आरक्षण के संशोधित प्रावधान को नवमीं सूची में शामिल कराए जाने से ही वंचितों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय प्राप्त हो सकेगा।



मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से इसके लिए सर्वसंबंधितों को निर्देशित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ की कुल आबादी में 32 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति, 13 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 42 प्रतिशत लोग शामिल हैं।

राज्य का 44 प्रतिशत भाग वनों से आच्छादित है तथा बड़ा भू-भाग दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से घिरा हुआ है। इन सब कारणों से ही राज्य के मैदानी क्षेत्रों को छोड़कर अन्य भागों में आर्थिक गतिविधियां संचालित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया की 2012 की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में गरीबों की संख्या देश में सर्वाधिक (40 प्रतिशत लगभग) थी। राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों की सामाजिक-आर्थिक तथा शैक्षणिक दशा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों की तरह ही कमजोर हैं। इन वर्गों के 3/4 भाग कृषक सीमांत एवं लघु कृषक हैं तथा इनमें बड़ी संख्या में खेतिहर मजदूर भी हैं। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि राज्य में साल 2013 से अनुसूचित जातियों, जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के लिए क्रमशः 12, 32 एवं 14 प्रतिशत (कुल 58 प्रतिशत) आरक्षण का प्रावधान किया गया था, जिसे छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा साल 2022 में निरस्त किया गया। राज्य की विधानसभा द्वारा दिसम्बर 2022 में पुनः सर्वसम्मति से विधेयक पारित कर विभिन्न वर्गों की जनसंख्या के आधार पर अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ईडब्ल्यूएस के लोगों के लिये आरक्षण का संशोधित प्रतिशत क्रमशः 13, 32, 27 एवं 4 प्रतिशत करने का निर्णय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ओडिशा हिंसा में 85 आरोपी गिरफ्तार, संबलपुर में कर्फ्यू, इंटरनेट सेवाएं बंद



भुवनेश्वर/संबलपुर। ओडिशा में हिंसा प्रभावित संबलपुर के जिला प्रशासन ने इंटरनेट सेवाओं के निलंबन की अवधि मंगलवार सुबह 10 बजे तक के लिए बढ़ा दी। हनुमान जयंती पर हुई हिंसा के संबंध में अभी तक कुल 85 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि स्थिति के बेहतर होने के मद्देनजर प्रशासन ने कर्फ्यू के समय में ढील दी है। अब लोग नियमित कामकाज के लिए सुबह साढ़े सात से पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तक और दोपहर साढ़े तीन से शाम छह बजे तक घर से बाहर जा सकते हैं। इससे पहले सुबह साढ़े आठ से पूर्वाह्न 11 बजे तक और दोपहर साढ़े तीन से शाम साढ़े पांच बजे तक लोग घरों से निकल सकते थे। संबलपुर की जिला अधिकारी अनाया दास ने कहा कि गृह विभाग ने इंटरनेट सेवाओं को मंगलवार सुबह 10 बजे तक निलंबित रखने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि जिले में हनुमान जयंती पर निकाली जा रही 'बाइक रैली' के दौरान हुई हिंसा के बाद से 13 अप्रैल से इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं, ताकि किसी भी आपत्तिजनक या भड़काऊ संदेश को सोशल मीडिया पर प्रसारित होने से रोका जा सके। इस बीच, पुलिस ने हनुमान जयंती जश्न के दौरान संबलपुर में हुई हिंसा के मामले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बिरनपुर हिंसा...पिता-पुत्र को मारने वाले 8 गिरफ्तार : छग बंद के अगले दिन मिली थी लाशें; आगजनी करने वाले 4 और पकड़े गए



बेमेतरा। बेमेतरा के बिरनपुर में 2 समुदायों में हुए खूनी संघर्ष के बाद 2 लोगों की हत्या कर दी गई थी। दोनों के शव छत्तीसगढ़ बंद के अगले दिन मिले थे। पुलिस ने दोनों की पहचान पिता-पुत्र के रूप में की थी। लाश मिलने के बाद से ही पुलिस इन दोनों की हत्या करने वाले आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उधर, बंद के दौरान एक घर जलाने वाले 4 और आरोपियों को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। आगजनी मामले में पुलिस ने पहले ही 5 लोगों को अरेस्ट कर लिया था।

### मना करने के बावजूद बकरी चराने गए थे पिता-पुत्र

बिरनपुर से लगे हुए कोरवाय गांव में पिता-पुत्र के शव मिले थे। इनके सिर पर चोट के निशान थे। इस वजह से पुलिस इस केस में हत्या के एंगल से ही जांच कर रही थी। तनाव के माहौल के बाद पुलिस ने दो दिन से लोगों को बाहर निकलने से मना किया था। पुलिस ने गांव की बाहर की तरफ रहने वालों को भी गांव में ही बुला लिया था और उन्हें एक साथ रखा था। लेकिन इसके बावजूद 55 साल का रहीम और उसका 35 साल का बेटा ईदुल मोहम्मद बकरी चराने जंगल की ओर चले गए थे। वहां उनकी हत्या हुई है।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

पुलिस ने इन दोनों की हत्या मामले में टाकेश्वर सिन्हा, दूध नाथ साहू, मनीष वर्मा, अरुण रजक, भोला निषाद, राजकुमार निषाद, समारू नेताम और पुरन पटेल को गिरफ्तार किया है। इनके अलावा बंद के दौरान घर जलाने वाले शिवा मंडावी, मनीष ध्रुवे, दुर्गेश और एक नाबालिग को पकड़ा गया है। वहीं भुनेश्वर साहू की हत्या मामले के आरोपियों की तस्वीर भी सोमवार को जारी की गई है।

### इस वजह से भड़की थी हिंसा

8 अप्रैल शनिवार को 2 स्कूली छात्रों के बीच रास्ते में साइकिल चलाते समय कट मारने को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान एक युवक ने छात्र (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# शेट्टार ने थामा कांग्रेस का हाथ, भाजपा पर लगाया अपमानित करने का आरोप



बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता जगदीश शेट्टार सोमवार को औपचारिक रूप से कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये। उन्होंने रविवार को भाजपा के विधायक से इस्तीफा दिया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार और विपक्ष के नेता सिद्दारामैया ने पार्टी कार्यालय में श्री शेट्टार का स्वागत किया। पार्टी के केंद्रीय नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला और के. सी. वेणुगोपाल भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

श्री शेट्टार ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे उस पार्टी से जबरन बाहर निकाला गया जिसे मैंने बनाया था। मैं कांग्रेस की विचारधारा और सिद्धांतों को स्वीकार करते हुए उसमें शामिल हो रहा हूं। उन्होंने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि वह 'पार्टी पहले और व्यक्ति बाद में' वाले अपने सिद्धांत से पीछे हट गई है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा स्पष्ट रूप से 'पार्टी बाद में और कुछ आदमी पहले' के सिद्धांत पर काम कर रही है। श्री शेट्टार ने कहा कि उन्हें भाजपा नेतृत्व ने अपमानित किया है और अपने निर्वाचन क्षेत्र में लंबित काम पूरा करने के लिए टिकट का अनुरोध करने के बावजूद उन्हें वंचित रखा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह मंत्री या मुख्यमंत्री बनने की इच्छा नहीं रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से अनुरोध किया था कि उन्हें हुबली-धारवाड़ मध्य निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने और छह महीने तक काम करने और फिर इस्तीफा देने की अनुमति प्रदान करें लेकिन उनके इस अनुरोध को भी खारिज कर दिया गया। उन्होंने खुद को आहत और अपमानित बताते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के टिकट देने से मना कर दिया गया। इस अवसर पर श्री खड़गे ने कहा कि श्री शेट्टार के पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मोर्चा के जरिए मिशन पर भाजपा, निशाने पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए अब गिनती के महीने बचे हैं। राज्य सरकार को कुछ योजनाओं पर कामयाबी मिली है, जिसके सहारे पार्टी 2023 में वापसी की राह देख रही है, लेकिन सामने चुनौतियां भी काफी हैं। विपक्षी भाजपा के विभिन्न मोर्चा एकजुट होकर भूपेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की काट खोज रहे हैं। मिशन मोर्चा के तहत 24 अप्रैल से भाजपा के मोर्चा अपने काम में जुट जाएंगे। सबसे पहले सरकार की बेरोजगारी भत्ता योजना का विरोध किया जाएगा। जिलों में युवा मोर्चा सभी रोजगार कार्यालयों का तीन दिन तक भीतर घेराव करेगी। इसके बाद किसान मोर्चा धान के पुराने बोनस, अनुसूचित जनजाति मोर्चा तेंदूपत्ता का बोनस और आरक्षण को लेकर सरकार को घेरेगी। भाजपा महिला मोर्चा ने गोठानों में कार्यरत महिला स्व सहायता समूह के कर्जामाफी को मुद्दा बनाने जा रही है। इसके लिए लगातार आंदोलन होंगे।



### भाजयुमो : सबको भत्ता, पूरा भत्ता से विरोध

भारतीय जनता युवा मोर्चा राज्य सरकार के बेरोजगारी भत्ता योजना के खिलाफ प्रदर्शन करने की तैयारी की है। 24 से 26 अप्रैल तक सभी जिला रोजगार कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। इस बीच मंडल स्तर पर युवा 21 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत का कहना है कि पिछले चार वर्ष का भी बेरोजगारी भत्ता देने की मांग को लेकर युवक जुटेंगे। सबको भत्ता-पूरा भत्ता के स्लोगन के साथ मोर्चा सरकार को घेरेगा।

### भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा : आदिवासियों के बीच चौपाल


भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने आदिवासियों को दी जाने वाली योजनाओं में ही खामियों को उजागर करेगा। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने बताया कि आदिवासियों को तेंदूपत्ता का बोनस नहीं दे रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को बीमा का लाभ मिलता था वह नहीं मिल रहा है। इसके अलावा चरणपादुका और साड़ी देते थे। संग्राहक के परिवार में पढ़ने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं दे रही है। इसके लिए अप्रैल के आखिरी सप्ताह से आदिवासी गांवों में चौपाल लगाएंगे।

### फिर उठेगा आरक्षण का मुद्दा

राज्य सरकार ने आरक्षण संशोधन विधेयक विधानसभा से पारित किया है। इसे लेकर सरकार सभी वर्गों को साधने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# स्पेसएक्स से सबसे ताकतवर रॉकेट की लॉन्चिंग टली : 39 सेकेंड पहले रोका लॉन्च; रॉकेट के प्रेशर वाल्व में समस्या, रीसेट होने में लगेंगे 48 घंटे

वाशिंगटन। दुनिया के सबसे पावरफुल लॉन्च व्हीकल स्टारशिप का पहला ऑर्बिटल टेस्ट टल गया है। प्रेशर वाल्व के फ्रीज होने के कारण लॉन्च को 39 सेकेंड पहले रोका गया है। सोमवार शाम करीब 6 बजकर 50 मिनट पर स्टारशिप को लॉन्च होना था। अब रॉकेट को रीसेट करने में कम से कम 48 घंटे लगेंगे। स्टेनलेस स्टील से बने स्टारशिप को दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने बनाया है। ये लॉन्च इसलिए अहम था क्योंकि ये स्पेसशिप ही इंसानों को इंटरप्लेनेटरी बनाएगा। यानी इसकी मदद से पहली बार कोई इंसान पृथ्वी के अलावा किसी दूसरे प्लेनेट पर कदम रखेगा। एलन मस्क साल 2029 तक इंसानों को मंगल ग्रह पर पहुंचाकर वहां कॉलोनी बसाना चाहते हैं। स्पेसशिप इंसानों को दुनिया के किसी भी कोने में एक घंटे से कम समय में पहुंचाने में भी सक्षम होगा।



लॉन्च टलने के बाद एलन मस्क ने ट्वीट किया-ऐसा लगता है कि एक प्रेशर वाल्व जम गया है, इसलिए जब तक यह काम करना शुरू नहीं करता, लॉन्च नहीं किया जा सकता। आज बहुत कुछ सीखा। अब प्रोपेलेंट को ऑफलोड कर रहे हैं। कुछ दिनों में फिर प्रयास करेंगे... वैसे यह समस्या असामान्य नहीं है क्योंकि रॉकेट में फ्यूल भरना मुश्किल काम है। ये और भी कठिन हो जाता है जब आप इसे पहली बार करते हैं। यहां कई लोगों के मन में सवाल होगा कि आखिर हमें पृथ्वी से 23 करोड़ किलोमीटर दूर मंगल ग्रह पर कॉलोनी बसाने की क्या जरूरत है? वहीं कुछ का सवाल ये भी होगा कि इतनी दूर जाने में कितना समय लगेगा, इसकी प्रोसेस क्या होगी? इंसान कैसे इस रेड प्लेनेट से वापस आएंगे? स्टारशिप की टेक्नोलॉजी क्या है? स्टारशिप क्या-क्या कर सकती है? तो चलिए एक-एक कर जानते हैं इन सवालों के जवाब...

### दुनिया का सबसे पावरफुल व्हीकल

स्टारशिप अब तक का डेवलप दुनिया का सबसे पावरफुल लॉन्च व्हीकल है। ये पूरी तरह से रियूजेबल है और 150 मीट्रिक टन भार ले जाने में सक्षम है। स्टारशिप सिस्टम 100 लोगों को एक साथ मंगल ग्रह पर ले जाएगा। मस्क 10 अप्रैल को ही स्टारशिप को लॉन्च करना चाहते थे, लेकिन तब यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफएए से अप्रूवल नहीं मिल पाया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# संजीवनी केन्द्र में इस बार नागरिकों के लिए मिलेट के प्रोडेक्ट उपलब्ध

**रागी का पोहा, रागी की कुकीज, कोदो चावल, मिलेट्स से बना पास्ता सेहत के लिए फायदेमंद, संजीवनी केन्द्र का शहद शुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त - गिरधारीलाल तिवारी**

राजनांदगांव (दावा)। शासन के वन विभाग परिसर स्थित संजीवनी केन्द्र में इस बार नागरिकों के लिए मिलेट के प्रोडेक्ट विशेषकर रागी का पोहा, रागी की कुकीज, कोदो चावल, मिलेट्स से बना पास्ता, सहित हर्बल उत्पादों, लघु वनोपजों, आयुर्वेदिक दवाईयों सहित विविध प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए यहां विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद मिल रहे हैं। शासन द्वारा मिलेट के प्रोडक्ट के फायदे को देखते हुए बढ़ावा दिया जा रहा है। केन्द्र में बने महुआ के विभिन्न उत्पाद महुआ के लड्डू स्कवैश, शरबत, महुआ, चिक्की, आचार, जामुन चिप्स उपलब्ध हैं। शासन द्वारा हर्बल उत्पादों एवं लघुवनोपज को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस सिलसिले में संजीवनी केन्द्र में विभिन्न स्वादिष्ट उत्पादों की श्रृंखलाएं हैं। यहां प्रदेश भर में स्थानीय स्तर पर निर्मित गुणवत्तापूर्ण उत्पाद यहां है। बस्तर के खट्टी-मीठी इमली कैंडी से लेकर जामुन का शरबत सहित विभिन्न प्रोडक्ट हैं। संजीवनी केन्द्र में आए श्री गिरधारीलाल तिवारी ने कहा कि आंवला जूस, जामुन जूस के उत्पाद काफी अच्छे हैं और शुद्ध तथा गुणवत्तायुक्त हैं। रागी पोहा, रेड साइस अच्छा है। शहद तो यहां का बहुत अच्छा है। बीमारियों के लिए हर्बल प्रोडक्ट उपयोगी है। श्री दशगन टोन्डर ने कहा कि कोदो, दलिया, रागी कुकीज, पास्ता सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। श्री अनमोल ने बताया कि यहां वाजिब कीमतों पर हर्बल उत्पाद एवं लघु वनोपज उपलब्ध रहता है।

**○ हर्बल उत्पादों, लघु वनोपजों, आयुर्वेदिक दवाईयों सहित विविध प्रोडक्ट उपलब्ध**
**○ महुआ के विभिन्न उत्पाद महुआ के लड्डू स्कवैश, शरबत, महुआ, चिक्की, आचार, जामुन चिप्स यहां की खासियत**



**वाजिब कीमतों पर हर्बल उत्पाद एवं लघु वनोपज उपलब्ध - अनमोल**

उल्लेखनीय है कि संजीवनी केन्द्र में च्यवनप्राश, त्रिफला चूर्ण, बस्तर काजू, इमली ब्रिक्स, अश्वगंधा चूर्ण, हर्बल कॉफी, फेस पैक पाउडर, भृंगराज तेल, मधुकम सैनिटाइजर, मधुमेह नाशक चूर्ण, ग्रीन टी, सफेद मूसली चूर्ण, गिलोय चूर्ण, सितोप्लादी चूर्ण, चिरौंजी दाना, हर्बल सोप, हैण्डमेड ग्रीन टी, इमली चपाती, महुआ बीज तेल, काजू ग्रेड, काजू कनकी, पाइप फूलझाड़ू, केन फूलझाड़ू, शहद, एलोवेरा साबुन, हर्बल गुलाल, तिखुर पाउडर, आंवला कैण्डी नमकीन, हर्बल हवन सामग्री, हर्बल धूप बत्ती, आंवला जूस, आंवला मुरब्बा, आंवला अचार, बेल मुरब्बा, आंवला पाचक, जामुन जूस, बेल शरबत, आंवला कैण्डी, दोना-पत्तल, खड़ी उड़द, उड़द दाल, रोसेला पैटल पाउडर, अमचूर पाउडर, हल्दी पाउडर, हर्बल साबुन, पापड़, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, धूप बत्ती, अगरबत्ती, नारियल तेल, नीम एलोवेरा हर्बल साबुन, लेमन हर्बल साबुन, लाल मिर्च पाउडर, टूटी-फूटी कुकीज, नमकीन कुकीज, अमचूर पाउडर, मक्का आटा, चांवल आटा,चांवल पापड़, साबूदाना पापड़, टमाटर साबूदाना पापड़, जीरा साबूदाना पापड़, गुड़, मिक्स आचार, कॉफी, नीम साबुन, लेमन साबुन, मिन्ट साबुन, एलोय साबुन, रोज साबुन, हनी साबुन, सैण्डल वुड साबुन, पोटैटो साबुन, बेबी साबुन अन्य वनों से संग्रहित व आदिवासी महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद उपलब्ध हैं।

# किसानों ने जोशीलमती सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक को बर्खास्त करने की मांग



**○ जीवन बीमा एजेन्ट का काम करता है शाखा प्रबंधक**
**○ ... बैंक फर्जीवाड़े का आरोप**

राजनांदगांव (दावा)। सहकारी समिति जोशीलमती के 11 गांवों के किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बैंक शाखा प्रबंधक कैलाश प्रसाद गजपल्ला की बर्खास्तगी की मांग की है। किसानों का शाखा प्रबंधक पर आरोप है कि वे अपने मूल कार्य सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक कार्य को छोड़कर जीवन बीमा निगम के एजेन्ट के रूप में कार्य करते है। इसके अलावा किसानों ने शाखा प्रबंधक गजपल्ला पर बैंक फजीवाड़े का भी आरोप लगाया है। किसान तिलोचन राय इन्द्रकुमार सहित अन्य किसानों ने बताया कि शाखा प्रबंधक गजपल्ला किसान जब रबी एवं खरीफ फसल के लिए ऋण लेने सोसायटी जाते है तो ऋण के एवज में बीमा पालिसी के लिए किसानों को बाध्य करते है। पालिसी नहीं करवाने पर अनावश्यक रूप से उन्हें परेशान किया जाता है।

किसानों ने बीमा पालिसी की सूची भी प्रस्तुत की है। किसानों ने यह भी बताया कि धान खरीदी के समय भी अच्छे धान को खराब बता कर वह अवैध रूप से वसूली कार्य करता है। जिसके कारण किसान परेशान व आक्रोशित है। गजपल्ला की इस तरह की मनमानी व लापरवाही के चलते धान खरीदी में अव्यवस्था होने के कारण 24 नवम्बर 2022 को किसानों ने चक्काजाम की थी। उन्होंने बताया कि सन् 2021-22 में धान के शार्टेज होने पर शासन के द्वारा कर्मचारियों को 25% एवं समिति को 2.5 % की राशि प्रदाय की जाती है। शासन से प्राप्त राशि को समिति एवं कर्मचारियों के खाते में जमा की गई। उसके बाद कर्मचारी अपनी सुविधानुसार राशि आहरण कर रहे है। लेकिन समिति प्रबंधक कैलाश गजपल्ला द्वारा सड़यंत्र पूर्वक समिति के कर्मचारियों व हमालों में दबाव पूर्ण हस्ताक्षर करवाकर समिति एवं बैंक कर्मचारियों की छवि खराब करने की कोशिश की गई। ऐसे प्रबंधक को जल्द से जल्द हटाया जाए।

# श्री तिरूपति बालाजी मंदिर में विशेष पूजा 19 से

राजनांदगांव (दावा)। श्री तिरूपति बालाजी मंदिर स्टेशन पारा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 23वां स्थापना वर्ष के शुभ अवसर पर 19 अप्रैल बुधवार संध्या 6:30 बजे दीपोत्सव तत्पश्चात छप्पन भोग एवं महाआरती का आयोजन किया जावेगा एवं 20.04.2023 दिन गुरूवार प्रातः 9 बजे से भगवान बालाजी के विवाह उपरांत महाप्रसादी (भण्डारा) कार्यकम का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर मंदिर के जीणोद्धार एवं नवनिर्माण हेतु सेवा समिति का गठन किया गया है एवं नवगठित समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर के विकास कार्य एवं वार्षिक उत्सव की रूपरेखा तैयार कर व आजीवन सदस्यता संचालन शुल्क एवं वर्षभर मंदिर में होने वाले कार्यकम व त्योहार पर भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त अवसर पर मंदिर के नव गठित सदस्यों में मुख्य रूप से संरक्षक मंडल राधेकृष्ण गुप्ता, वेणुगोपाल सारडा, जयप्रकाश अग्रवाल, प्रकाशचंद जैन, कैलाश हूंका, अशोक शर्मा, दिलीप सरावगी, समीर कुमार पोददार, सारंग मुदलियार, नरेंद्र मुदलियार, ओम मुदलियार, नितिन मुदलियार, टी. नागेश राव, प्रणव दवे, जयंत पिल्लई, आशोक श्रीवास्तव (बालाजी स्टूडियो), सुशील ताम्रकार, श्रीमती सुशीला ठाकुर, श्रीमती अरूणा साठे, निलेश शुक्ला, मणीशंकर भारद्वाज, राजा पंसारी, मनीष शर्मा, रोहित बिसेन, डेविड वर्मा, आनंद मुदलियार, नीलकण्ठ देवांगन, राम मोटवानी, सुभाष सिंग मौर्य, योगेन्द्र मुदलियार, राजमणी पिल्ले तारेन्द्र तिवारी (पंडित जी श्री बालाजी मंदिर) मिलिंद मुदलियार, श्रीकांत मुदलियार, मिलिद्र रेड्डी, चेतन भनूसाली, अमित कुशवाहा, विरेन्द्र कुमार चंद्राकर, यश मुदलियार, जितेन्द्र मुदलियार, योगेश मुदलियार, जयकुमार मुदलियार उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति के मिडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव (बालाजी स्टूडियो) द्वारा दी गयी।

# मुख्यमंत्री मितान योजना की बढ़ रही लोकप्रियता

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री मितान योजना की शहरी क्षेत्रों में लोकप्रियता बढ़ रही है। सुगमता से नागरिकों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज मितान के माध्यम से सुगमतापूर्वक घर पहुंच सेवाएं मिल रही है। नागरिकों ने इस योजना में विशेष रूचि दिखाई है।

नागरिक टोल फ्री नंबर 14545 पर सम्पर्क कर शासकीय दस्तावेजों को प्राप्त करने के संबंध में जरूरी जानकारी हासिल कर सकते हैं। इस योजना से लाभान्वित हितग्राही राज रावत ने बताया कि उन्हें अपने 1 वर्ष के बच्चे का आधार कार्ड बनवाना था। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना के लिए दिए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके इसके संबंध में जानकारी ली। जहां उन्हें इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। जिसके बाद मितान उनके घर आए और इसके लिए सारी प्रक्रिया पूर्ण की। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बहुत अच्छी योजना है इस योजना के तहत दी जाने वाली सेवाओं के लिए हमें अब सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिससे लोगों का कीमती समय और राशि दोनों की बचत होगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को तहे दिल से धन्यवाद कहा।



**मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत लोगों को मिल रही घर पहुंच सेवाएं**

राजनांदगांव के जितेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि इस योजना से उन्होंने आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाया है। साथ ही अपनी बेटी कुमारी प्रियल का आधार कार्ड बनवाया है। उन्होंने कहा कि मितान योजना के माध्यम से सेवाएं प्राप्त हुई हैं और नगरीय क्षेत्रों में इसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। वे अपने आस-पास के परिचित सभी लोगों को इस योजना के संबंध में जानकारी देकर जागरूक करेंगे।

कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन में जिले में इस योजना का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत लगभग 4 हजार 583 से अधिक लोगों ने घर बैठे ही अपने जरूरी शासकीय दस्तावेज प्राप्त कर किए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से राज्य के शहरी निवासी 14 प्रकार के जरूरी सरकारी दस्तावेज मितानजनों के माध्यम से घर बैठे ही बनवा सकते हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर 14545 जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत नागरिक अपना जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, मूल निवासी प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज, भूमि की रिकार्ड की नकल, भूमि सूचना, आधार कार्ड पंजीकरण, 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड और पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार, पैन नम्बर प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र, पैन अपडेट एवं डुप्लीकेट इत्यादि सेवाएं मितानजनों के माध्यम से घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं।

# डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई

डोंगरगढ़ (दावा)। डॉ. अंबेडकर विद्यालय डोंगरगढ़ में डॉ बाबा साहब आम्बेडकर जी की 132 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. सूर्यवन्तारे (प्रभारी प्राचार्य) के निर्देशानुसार विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की कतारबध्य रैली जय भीम के नारे लगाते हुए मोची पारा होते हुए तहसील मे पहुंची. वहा पर स्थित डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जी की भव्य प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण किया गया.

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सूर्यवन्ता तुरे (प्राचार्य) के द्वारा भगवान गौतमबुद्ध एवं डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया. मनोज गजभिये (प्रधान पाठक) के द्वारा बुद्ध वंदना ग्रहण करवाया गया. विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं द्वारा गीत, भाषण, कविता नृत्य प्रस्तुत किए गए. जिसमें 'बाबा साहाबाची रिंगटोना' कार्यक्रम अति सुंदर एवं आकर्षित प्रस्तुत किया गया.

# रॉयल कॉलेज में हुआ ओपन कैंपस इंटरव्यू

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल कॉलेज में बी.एस.सी.(बायो), बी.कॉम. तथा बी.एड. पाठ्यक्रम संचालित है। रॉयल कॉलेज में गत 15 अप्रैल 2023 को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन महाविद्यालय परिसर में बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों के लिए किया गया जिसमें राजनांदगांव जिले के गायत्री विद्या मंदिर, पायोनियर पब्लिक स्कूल, शीला थीशन मेमोरियल स्कूल, श्री देवानंद जैन स्कूल, रॉयल किड्स कान्वेंट सी.जी. बोर्ड, डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, रॉयल किड्स कान्वेंट आईसीएसई बोर्ड से आए विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर साक्षात्कार लिया गया।




इसमें रॉयल कॉलेज, श्रीराम महाविद्यालय, संस्कारसिटी शिक्षा महाविद्यालय एवं कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन से आए बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह दिखाते हुए अधिक संख्या में भाग लेकर सराहनीय प्रस्तुति दी। साक्षात्कार के लिए पहुंचे प्रशिक्षणार्थियों के उत्साह को देखते हुए प्रशिक्षकों ने भी इन विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहदुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहदुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, जन्मजय बहादुर सिंह, प्राचार्य डॉ. अनुराधा शुक्ला, बरसर आई.के. वैष्णव, उपप्राचार्य डॉ. यामिनी साहू, श्रीमाती सीमा डोल्हे प्राचार्य डॉ. जे.बी.सिंह. मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, डॉ. रश्मि साव प्राचार्य रॉयल किड्स कान्वेंट सी.जी. बोर्ड, श्रीमती संध्या मोहोबे, एम.एस. नारंग, श्रीमती रागिनी सरजारे, मयंक कुमार सिंह, श्रीमती घनेश्वरी साहू, श्रीमती विनीता वैष्णव एवं तकनिकी विशेषज्ञ सुनिल भट्टाचार्या ने उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कर प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएँ प्रदान की।

# सट्टा-पट्टी के साथ 9 आरोपी गिरफ्तार, कुल 12120 रु.जप्त

डोंगरगढ़ (दावा)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़, प्रभात पटेल के पर्यवेक्षण में जिले में अवैध जुआ, सट्टा, शराब पर कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम तैयार किया गया।



जिस पर टीम द्वारा थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र के 9 सटोरियों जिसमें रिहान पिता सफी हुसैन उम्र 48 साल निवासी बस स्टैण्ड डोंगरगढ़, मनीष कुमार चौरसिया पिता स्व. रतनलाल चौरसिया नाकापारा डोंगरगढ़, मो. सादिक पिता मो. शकिल उम्र 38 साल निवासी गोल बाजार डोंगरगढ़, हरीश शर्मा उर्फ रौनक पिता शशी शर्मा उम्र 26 साल निवासी मुसराखुर्द, कपिल कोटांगले पिता सागर कोटांगले उम्र 28 साल निवासी कालकापारा, हेमलाल बाघमारे पिता अनंत राम बाघमारे उम्र 48 साल निवासी कालकापारा डोंगरगढ़, राजेश साहू पिता बाबूलाल साहू उम्र 43 साल निवासी मुसराकला डोंगरगढ़, संतोष साहू पिता जगदीश साहू उम्र 38 साल साकिन मुसराकला डोंगरगढ़, विक्की उर्फ विकास पिता राजेश सिंह उम्र 25 साल निवासी कालकापारा डोंगरगढ़ उपरोक्त सभी सटोरियों के द्वारा आम जगहों पर सट्टा-पट्टी लिखते समय रेड कार्यवाही किया गया। उपरोक्त सभी के कब्जे से अंकों को लिखा सट्टा-पट्टी डाट पेन नगदी रकम जप्त किया गया है। आरोपियो के विरूद्ध धारा 4 (क) जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 धारा 6 के तहत कार्यवाही किया गया। कुल 09 आरोपियों को अपराध अजामानतीय होने से माननीय न्यायालय में पेश कर जेल वारंट प्राप्त होने से जेल भेजा गया।

उक्त कार्यवाही में सउनि धन्नालाल सिन्हा, सउनि तुलाराम बांक, सउनि गणेश चौहान, सउनि ठगिया चन्द्रवंशी, प्रधान आरक्षक महादेव साहू, प्रधान आरक्षक दीपचंद वर्मा, प्रधान आरक्षक परमेश्वर वर्मा, प्रधान आरक्षक ऐशुराम बनवाली की भूमिका सराहनीय रहा है।

# आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने किया नवाज का नागरिक अभिनंदन

**छुरिया (दावा)। ब्लॉक मुख्यालय छुरिया के आदिवासी अंचल एवं ग्राम पंचायत खोभा के आश्रित ग्राम जैतगुडरा में आदिवासी धुव गोंड समाज द्वारा नागरिक अभिनंदन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान रहे।**

वही कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा ओराडबांध अध्यक्ष मदन नेताम ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री चुम्मन साहू, हरदेव कतलाम, लादूराम तुमरेकी, शेरसिंह गोड़िया, जोगीराम कुमरे, राजकुमारी सिन्हा, सुरेश कुमार उइके, विजय कुमार ओटी, भारत लाल ओटी, हेमंत यादव, रेवाराम लाडेकर, अमित अग्रवाल, चंद्रभान कोर्राम, सुनील लारोकर विराजमान थे,

नागरिक अभिनंदन का आयोजन अखिल भारतीय आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र खोभा तहसील छुरिया द्वारा किया गया। जहां छुरिया तहसील के ग्राम आंको, खडखड़ी, जोब, मरकाकसा, कटेंगा, खोभा, पैरीटोला, गोपालपुर, बजरंगपुर, भेजराटोला, पेंड्री, पंडरापानी, बिचारपुर, ग्वालदंड, किडकाडी, चारभाठा, भर्रीटोला, मासुलजोब, मोरकुटुंब, ब्राम्हणटोला एवं जैतगुरड़ा सैकड़ों आदिवासी महिला पुरुषो ने शिरकत की। ज्ञात हो कि बीते दिनों ब्लॉक मुख्यालय छुरिया में विशाल कंवर समाज एवं किसान महासम्मेलन का आयोजन किया गया था, जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे थे, आयोजन में 12 हजार से अधिक आदिवासी कंवर समाज एवं किसान कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाया। इसी आयोजन की जिम्मेदारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने ले रखी थी, जो अपने समर्थको के साथ दिन रात एक कर विशाल कंवर समाज एवं किसान महा सम्मेलन को सफल कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का खास होना साबित कर दिया था, उक्त आयोजन के भीड़ को देखकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भारी गदगद हो गए थे, और बैंक अध्यक्ष नवाज खान द्वारा की गई सभी मांगो पर एक के बाद एक घोषणा भी कर दिया, बैंक अध्यक्ष नवाज के मांगो में एक मांग आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की भी रही जो बहुप्रतीक्षित मांग थी, कि आदिवासी अंचल के ग्राम जैतगुडरा में समाज का एक बड़ा भवन बने जहाँ समाज द्वारा प्रतिवर्ष सामाजिक संगोष्ठी एवं मेला का आयोजन किया जाता है,




जिसके लिए समाज के तरफ से नवाज खान द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से 20 लाख की मांग मांग किया गया, जिसकी सहमति प्रदान करते हुए एवं मुख्यमंत्री बघेल द्वारा यह कहते हुए कि नवाज ने समाज के भवन के लिए 20 लाख की मांग की है, मै 30 लाख देता हू, कहकर घोषणा कर दी, उसी खुशी का इजहार एवं धन्यवाद ज्ञापित करने आदिवासी समाज तहसील छुरिया के द्वारा नागरिक अभिनंदन का आयोजन कर बैंक अध्यक्ष नवाज खान का भारी उत्साह और उमंग और बाजे-गाजे के साथ जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया गया।

नागरिक अभिनंदन आयोजन को संबोधित करते हुए बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि 22 साल पहले एक और आदिवासी सम्मेलन कराया था और इसी जैतगुडरा बुढ़ादेव प्रांगण में मुझे 2 लाख रुपया के स्वीकृति करवाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, फिर भाजपा के 15 साल के सरकार में इस बुढ़ादेव के लिए भाजपाईयों ने एक फूटी कौड़ी भी नहीं दिया और आज फिर कांग्रेस की जनहितैषी, किसान हितैषी, आदिवासी हितैषी भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने आपके हमारे मानव समाज के आशीर्वादक बुढ़ादेव प्रांगण में आदिवासी भवन बनाने के लिए 30 लाख की घोषणा एवं स्वीकृति देकर ये साबित कर दिया है कि छ.ग. की भूपेश बघेल सरकार आदिवासियों व किसानों की कितनी चिंता करते है। भूपेश बघेल की सरकार में हर वर्ग खुश व समृद्ध है, लेकिन भाजपा वालों को आदिवासियों व किसान की ये खुशी और समृद्धि देखी नहीं जा रही है, नवाज खान ने आयोजन में शामिल आदिवासी समाज से 2023 के विधानसभा में फिर से भूपेश बघेल की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार बनाने का अपील किया।

आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा ओराडबांध के अध्यक्ष मदन नेताम ने अपने उद्बोधन में नवाज खान की जमकर प्रशंसा करते हुए नवाज खान जिंदाबाद के नारे भी लगवाते हुए उन्हें 30 लाख की घोषणा करवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन को जिला महामंत्री कांग्रेस चुम्मन साहू, लादूराम तुमरेकी, शेरसिंह गोड़िया, राजकुमारी सिन्हा ने भी संबोधित किया। स्वागत उद्बोधन सरपंच ग्राम पंचायत खोभा ने किया एवं मंच संचालन कवी दिनेश कुरेटी ने किया।

## अनमोल दावा

> आसानी से मिलने वाली हर वो चीज हमेशा तक नहीं रहती, जो हमेशा तक रहती है वो आसानी से नहीं मिलती

# सेहत का सवाल

तंबाकू और पान-मसाला की बिक्री को लेकर एक याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की, उसे इस मसले पर सरकारों की इच्छाशक्ति को आईना दिखाना माना जा सकता है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जहां तंबाकू के सेवन से गंभीर रोग होने की जानकारी देने और इस खतरनाक पदार्थ का सेवन छोड़ने का संदेश देने वाले विज्ञापनों के जरिए आम लोगों को सचेत और जागरूक किया जाता है, वहीं रोजमर्रा की जिंदगी में स्वास्थ्य के लिए घातक साबित होने वाली चीजों की सरेआम बिक्री चलती रहती है।

इसी मुद्दे पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने साफ लहजे में कहा कि गुटखा बेचना कोई अमृत बेचना नहीं है; इस पर स्थायी तौर पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई जाती? जाहिर है, अदालत ने एक तरह से यह बुनियादी सवाल उठाया है कि अगर सरकार यह मानती है कि गुटखा या तंबाकू उत्पादों से लोगों की सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचता है तो इसके उत्पादन और बिक्री को लेकर कोई ठोस नियमन क्यों नहीं है।

यह विरोधाभास ही है कि एक ओर देश भर में लोगों की सेहत को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार की ओर से सख्त नियम-कायदे लागू किए जाते हैं और उन पर अमल सुनिश्चित कराया जाता है, दूसरी ओर रोजमर्रा की जिंदगी में स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित होने वाली चीजों की बिक्री को लेकर लापरवाही का आलम कायम रहता है।

गौरतलब है कि तमिलनाडु में मद्रास उच्च न्यायालय ने राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त की 2018 की उस अधिसूचना को रद्द कर दिया था, जिसके जरिए गुटखा और अन्य तंबाकू आधारित उत्पादों की बिक्री, निर्माण और माल ढुलाई पर रोक लगाई गई थी। हाई कोर्ट के उसी आदेश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

सही है कि तमिलनाडु सरकार आम लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले इन पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की कोशिश की, लेकिन ऐसे नियम क्यों होते हैं कि हर अगले साल नए सिरे से उनके लिए अधिसूचना जारी करनी पड़ती है? इस सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सही ही पूछा कि हर साल ऐसी अधिसूचना जारी करने के बजाय स्थायी रूप से इस पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई जाती! लेकिन तमिलनाडु सरकार की ओर से इसका विचित्र जवाब यह दिया गया कि निर्माता कंपनियां पान-मसाला और तंबाकू अलग-अलग पाउच में बेचती हैं, इसलिए इस पर स्थायी पाबंदी नहीं लगाया जा सकता है।यह समझना मुश्किल है कि इस तरह की दलीलों के जरिए तंबाकू को लेकर नीतिगत फैसलों के किस पहलू को सही ठहराने की कोशिश की जाती है। अगर सरकार तंबाकू आधारित उत्पादों को स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक मानती है तो उनकी बिक्री और उससे आगे उत्पादन को लेकर कोई ठोस नियमन क्यों नहीं हो सकता? यह छिपा नहीं है कि गुटखा या तंबाकू आधारित उत्पादों की वजह से कैंसर या अन्य कई गंभीर रोग आज जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या और चुनौती के रूप में सामने है।

इसे स्वास्थ्य विशेषज्ञों से लेकर सरकारें तक स्वीकार करती हैं। इससे दूर रहने के लिए विज्ञापनों के जरिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। लेकिन नशे और लत का शिकार बना कर लोगों को बीमार करने और कई बार जानलेवा रोग से ग्रस्त कर देने वाली शराब, गुटका या तंबाकू आधारित उत्पादों की बिक्री को लेकर सरकारें सिर्फ इसलिए नरम रहती हैं कि इनकी बिक्री से उन्हें भारी पैमाने पर राजस्व हासिल होता है। सवाल है कि केवल सरकारी राजस्व में बढ़ोतरी के लिए व्यापक पैमाने पर आम लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जाना कितना उचित है!

# मन की बातें : पीएम मोदी की मन की बात

**अनुराग सिंह ठाकुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सार्वभौमिक रूप से एक असाधारण प्रतिभा के धनी वक्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है, जो जनता के साथ तत्काल संवाद-संबंध स्थापित कर सकते हैं। उनकी शानदार वक्तृत्व कला, इस अनूठी क्षमता का केवल एक उदाहरण है। जिस लगन के साथ वे बोलते हैं, जिस निष्ठा के लिए वे जाने जाते हैं और पिछले आठ वर्षों में उन्होंने लोगों के साथ जो विश्वास-आधारित संवाद संबंध बनाए हैं, वे सभी मिलकर, जन संचारक के रूप में उनकी सफलता में योगदान देते हैं।

उनके समावेशी दृष्टिकोण को देश के सभी भागों में अभूतपूर्व स्वीकृति मिली है। यह पीएम मोदी के विकास का लोक-केंद्रित मॉडल है, जिसने उन्हें बड़ी संख्या में आम लोगों का प्रिय बना दिया है। लोगों के साथ निरंतर संवाद, जिसे हम 'मन की बात' के रूप में जानते हैं, से जुड़े उनके विचार को गैर-अभिजात्य या साधारण स्तर का कहा जा सकता है। 'मन की बात' कार्यक्रम को अक्टूबर 2014 में लॉन्च किया गया था। वर्षों से यह महीने के अंतिम रविवार के दिन के लिए नियत किया गया है। यह एक रेडियो वार्ता के रूप में शुरू हुआ था; लेकिन अब इसे एक साथ विभिन्न प्लेटफार्मों पर कई भाषाओं में प्रसारित किया जाता है।

मन की बात से पता चलता है कि मोदी के दो व्यक्तित्व हैं - मजबूत, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री मोदी तथा नम्र, दयालु और नेक पिता तुल्य अभिभावक। यदि आप आंख बंद करके 'मन की बात' सुनें, तो आप सोचेंगे कि मोदी जी गांव की चौपाल पर बैठे हैं, लोगों से बातचीत कर रहे हैं, उनकी बातें सुन रहे हैं, उनसे साथ संवाद कर रहे हैं, जहां जरूरत हो वहां ज्ञान भरी सलाह दे रहे हैं या किसी अनुकरणीय कार्य के लिए किसी की तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंग दान करने के फैसले किये थे। मोदी जी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया।

ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनमें जलवायु की विपरीत स्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बधाई देना आदि शामिल हैं। पीएम मोदी की 'मन की बात' अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत को दर्शाती हैं और लुटियंस दिल्ली की संकीर्ण सीमाओं से परे हैं। इसी वजह से 'मन की बात' का हर एपिसोड अत्यधिक लोकप्रिय होता है और इसे लाखों प्रतिक्रियाएं मिलती हैं। यह लोगों के साथ प्रतिध्वनित होता है, क्योंकि यह उनकी चिंताओं के बारे में है।

मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर, 2014 को प्रसारित किया गया था। यह 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड पूरे करेगा। मन की बात अपनी विषय वस्तु, डिजाइन, बातचीत और आम लोगों तथा समग्र रूप से समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीके के मामले में अद्वितीय है। 262 रेडियो स्टेशनों और 375 से अधिक निजी और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ दुनिया के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क 'ऑल इंडिया रेडियो' के माध्यम से, भारतीय प्रधानमंत्री सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विभिन्नता वाली विशाल आबादी तक पहुँचते हैं, उन्हें न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संकट जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी प्रेरित व सक्रिय करते हैं, जिनका दुनिया आज सामना कर रही है।



भारतीय लोक प्रसारक, प्रसार भारती मन की बात का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओं/ बोलियों में करता है, जिसमें 11 विदेशी भाषाएँ शामिल हैं, ताकि देश के सबसे दूर-दराज क्षेत्रों से लेकर विदेशों में रहने वाले भारतीयों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित हो सके। मन की बात भारत का पहला वर्चुअल रूप से समृद्ध रेडियो कार्यक्रम है, जिसे टीवी चैनलों द्वारा एक साथ प्रसारित किया जाता है। दूरदर्शन नेटवर्क के 34 चैनल और 100 से अधिक निजी सैटेलाइट टीवी चैनल इस अभिनव कार्यक्रम को देश भर में प्रसारित करते हैं, जो संचार के इस पारंपरिक माध्यम के प्रति एक नई रुचि और जागरूकता पैदा करते हैं। फरवरी 2022 से हर महीने विशेषज्ञों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अग्रणी व्यक्तियों के लेखों के साथ एक स्मार्ट तरीके से तैयार पुस्तिका भी प्रकाशित की जा रही है, जो डिजिटल रूप से 60 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचती है।

इतने व्यापक प्रभाव के साथ, मन की बात को एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है (जो सही भी है)। इस कार्यक्रम को जनभागीदारी से ठोस आधार प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना और कार्यान्वयन, नागरिकों के साथ जुड़ाव और भागीदारी के विचार पर आधारित है, जो कार्यक्रम के नाम से लेकर विषयों की पसंद और लोगों द्वारा सक्रियता से काम करने के आह्वान तक से परिलक्षित होते है, जिन्हें प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल करते हैं। प्रत्येक एपिसोड व्यक्तियों की परिवर्तनकारी शक्ति में प्रधानमंत्री के अटूट विश्वास के आधार पर तैयार किया जाता है और शासन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री देश भर के लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे हैं। वे इस प्लेटफार्म का देश के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने में उपयोग करते हैं और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी चाहते हैं।

'मन की बात' का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री और देश के नागरिकों के बीच सीधा संपर्क बनाना है। हर महीने, प्रधानमंत्री को देश भर से लाखों पत्र मिलते हैं, जिस पर वे कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डालते हैं। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री का लोगों से टेलीफोन पर बातचीत करना भी कोई असामान्य बात नहीं है। निर्वाचित नेता और जनता के बीच संचार का ऐसा तरीका लोकतंत्र और शासन में लोगों के विश्वास को काफी मजबूत करता है।

'मन की बात' के 8 वर्षों के अपने 99 एपिसोड के सफल बनाने के क्रम में, न केवल महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, बल्कि उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय हितों को लेकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है। बदलाव लाने वालों की प्रेरक कहानियां इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में से एक हैं, जो जमीन पर लगातार और निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं, जो न केवल उनके लिए काम करते रहने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं, बल्कि लाखों अन्य लोगों को भी प्रेरित करते हैं।

अपनी शुरुआत से लेकर, 'मन की बात' पूरे देश में समुदायों को शामिल करने वाले सामाजिक आंदोलनों को उत्प्रेरित करने वाले जन आंदोलन के एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सामाजिक संदेश कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया ट्रेंड बन जाते हैं और कुछ ही हफ्तों में एक जन आंदोलन बन जाते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'कोविड टीकाकरण' और 'हर घर तिरंगा' इसके कुछ शानदार उदाहरण हैं। हाल ही में 'मन की बात' के 88वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने इलाके में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। कुछ महीनों के भीतर, प्रधानमंत्री का यह संदेश एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया और देश भर में कई अमृत सरोवर तैयार हो गए, जो स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र के सरकारी निकायों की मदद से बनाए गए थे। इसके बाद, 92वें एपिसोड में, प्रधानमंत्री ने नागरिकों के त्वरित प्रयासों की सराहना की, क्योंकि उन्होंने उत्तर प्रदेश के ललितपुर में भगत सिंह अमृत सरोवर और कर्नाटक के बिलकेरूर में अमृत सरोवर जैसे विभिन्न अमृत सरोवरों के बारे में चर्चा की।

'सशक्त भारत' के निर्माण की दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, 'मन की बात' का यह कार्यक्रम देश की उन राष्ट्रीय एवं वैश्विक सफलताओं को उजागर करने पर केन्द्रित है, जो नागरिकों में गर्व, अपनेपन और राष्ट्रवाद की भावना पैदा करते हुए लोगों से देश के विकास में भाग लेने का आग्रह करती है। इस कार्यक्रम की 89वीं कड़ी में, प्रधानमंत्री ने भारत में यूनिकॉर्न की संख्या के 100 के आंकड़े तक पहुंचने पर प्रकाश डाला। इसके 91वीं कड़ी में, 'हर घर तिरंगा' अभियान की सामूहिक भागीदारी और देशव्यापी सफलता का उत्सव मनाया गया, जिससे हर भारतीय का ह्रदय गर्व से भर गया। ऐसे कई और उदाहरण हैं जो यह दिखाते हैं कि कैसे 'मन की बात' सिर्फएक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत के समग्र विकास का प्रतिबिंब और सार्वजनिक भागीदारी की अभिव्यक्ति है।

'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सफलतापूर्वक कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को हर स्तर पर लोगों तक पहुंचाने और इसके बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु एक तंत्र स्थापित किया है। इतना ही नहीं, इसके माध्यम से प्रधानमंत्री यह भी बताते हैं कि कैसे ये योजनाएं जमीनी स्तर पर लोगों को लाभान्वित करती हैं और अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभार्थी बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

संकट के समय में भी, इस कार्यक्रम ने लोगों को सूचित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदाहरण के लिए इसने कोविड महामारी के दौरान लोगों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और उन्हें टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। भारत की टीके की कहानी की सफलता का श्रेय काफी हद तक 'मन की बात' कार्यक्रम को जाता है। यही हमारे जीवन में 'मन की बात' कार्यक्रम की प्रासंगिकता और इसके महत्व का पर्याप्त प्रमाण है।

## विचार सरिता

# प्रेम की भेंट स्वीकारते हैं ईश्वर

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, क्या आप भक्तों के लिए स्वयं भी उतने ही व्यग्र रहते हैं जितना कि भक्तों आपके लिए?

श्रीकृष्ण ने मुस्कुराते हुए कहा, 'अवश्य अर्जुन! ईश्वर को भी सुपात्र की तलाश होती है। भक्तों की तलाश होती है, जो कृपा के अधिकारी हैं। जो भक्तजन मुझ ईश्वर को निरंतर बिना किसी कामना के आनंद पूर्वक भजते हैं और मुझे प्राप्त करना चाहते हैं, मैं ऐसे निरंतर चिंतन करने वालों को भगवत प्राप्ति की उपलब्धि कराने में स्वयं योग करता हूं और उनके समस्त साधनों की रक्षा का उत्तर दायित्व भी मैं स्वयं उठाता हूं।(9/22)

अर्जुनः हे प्रभु! आपके अतिरिक्त अन्य देवी देवताओं की पूजा करने वालों की क्या गति होती है?

श्रीकृष्णः जो जिसको पूजता है, वह उसको प्राप्त होता है और मेरा पूजन करने वाले भक्त मुझको ही प्राप्त होते हैं, इसीलिए मेरे भक्तों का पुनर्जन्म नहीं होता।(9/25)

श्री कृष्ण के शांति दूत बनकर हस्तिनापुर जाने और वहां दुर्योधन द्वारा कुटिलतापूर्वक उन को बंदी बनाने का असफल प्रयास किए जाने का समाचार अर्जुन को ज्ञात था। अर्जुन मन ही मन दुर्योधन की मूर्खता पर एक बार हंसे। अर्जुन जानते हैं कि श्रीकृष्ण को आडंबर और दिखावे की भक्ति नहीं चाहिए और वह सुख सुविधाओं और ऐश्वर्य के साधनों से भी प्रसन्न नहीं होते हैं। यही कारण है कि वे अपनी हस्तिनापुर यात्रा की अवधि में दुर्योधन का आमंत्रण अस्वीकार कर महात्मा विदुर की कुटिया में ठहर गए थे। एक तरह से इस प्रसंग की पुष्टि करते हुए श्री कृष्ण आगे कहने लगे,' हे अर्जुन जो कोई भक्त मेरे लिए प्रेम से पत्ते फूल, फल, जल आदि कुछ भी अर्पण करते हैं, क्योंकि वे बिना कामना के सहज अर्पण और भक्ति के भाव में ऐसा करते हैं, इसलिए मैं सगुण रूप में भी प्रकट होकर उनके द्वारा दी गई भेंट को स्वीकार करता हूं और प्रेम पूर्वक खाता हूं।

अर्जुनः क्या ईश्वर को अर्पण केवल श्रेष्ठ कर्मों के रूप में या प्रेम पूर्वक दी गई भेंट के रूप में ही होता है?

श्री कृष्णः ऐसा नहीं है अर्जुन! तुम जो कर्म करते हो, जो खाते हो,जैसा हवन करते हो, दान देते हो, जो तप करते हो या जो भी कार्य करते हो, वह सब मुझे अर्पित करते हुए करो क्योंकि मुझे अर्पित करने करके किए जाने वाले कार्य के सभी शुभ अशुभ फलों के बंधन से तुम मुक्त हो जाओगे क्योंकि मैंने पहले ही भक्तों के सारे योग क्षेम संवहन करने का आश्वासन दिया हुआ है। (9/27)

(अपने आराध्य श्री कृष्ण से संबंधित द्वापरयुगीन घटनाओं व श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों व उनके उपलब्ध अर्थों व संबंधित दार्शनिक मतों पर लेखक की कल्पना और भक्तिभावों से परिपूर्ण कथात्मक प्रस्तुति)।

# कोमा में भी जा सकते हैं बहुत अधिक पानी पीने वाले लोग

सिर्फ प्यास लगने पर ही नहीं बल्कि गर्मी में पानी पीना बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए भी बहुत जरूरी होता है. लेकिन यही पानी अगर अधिक मात्रा में पिया जाए तो बीमारी की वजह बन सकता है. आप कैसे पता करें कि अधिक मात्रा में पानी पी रहे हैं या कम मात्रा में, इस बारे में आपको यहां जानकारी दी जा रही है...



यदि आप अपने शरीर की जरूरत से बहुत अधिक मात्रा में हर दिन पानी पीते हैं या फिर आपको हर दो से तीन मिनट में पानी पीने की आदत है तो ये आपको तुरंत सावधान होने की जरूरत है. क्योंकि मिनट-मिनट पर पानी पीने की इच्छा होना एक मेंटल और न्यूरोलजिकल समस्या की तरफ इशारा है वहीं अधिक मात्रा में पानी पीने से ब्लड में सोडियम की मात्रा कम हो जाती है. जिससे बेचैनी, थकान, चक्कर आना, बीपी लो होना, मितली आना जैसी समस्याएं होने लगती हैं.

यदि आप लंबे समय तक मिनट-मिनट में पानी पीने की आदत का शिकार बने रहते हैं तो ये स्थिति आपको कोमा जैसी जानलेवा मेडिकल कंडीशन का शिकार भी बना सकती है. क्योंकि अधिक मात्रा में पानी पीने से बॉडी में सिर्फ सोडियम लेवल नीचे नहीं गिरता बल्कि अंदरूनी कोशिकाओं पानी की सूजन बढ़ जाती है. ब्रेन जब इस स्थिति से गुजरता है तो कई न्यूरोलजिकल बदलाव होते हैं और कोमा की स्थिति भी बन जाती है. मेडिकल की भाषा में कोमा के लिए जिम्मेदार इस स्थिति को हाइपोनेट्रेमिया कहते हैं.

## राशिफल

**मेष** — मन की बात कहने से शांति मिलेगी। वाहन खरीदने का मन सार्थक होगा। खर्चों में इजाफा होगा लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोतरी इसको संतुलित कर देगी। मन में किसी निर्णय को लेकर दुविधा रहेगी। माता-पिता से जरूरी वार्तालाप होगा। धार्मिक प्रवृत्ति बढ़ेगी। शान्त स्वभाव का प्रयास करें। 3

**वृषभ** — धन प्राप्ति के स्त्रोत स्थापित होने के योग हैं। किसी विशेष वस्तु की प्राप्ति के लिए धैर्य एवं संयम बना रहेगा। आज आप काफी पैसे बना सकते हैं- लेकिन इसे अपने हाथों से फिसलने न दें। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यस्थल के विरोधी परास्त होंगे। यात्रा निरस्त होगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मिथुन** — आज आपके प्रयासों से आजीविका में परिवर्तन अथवा नवीन अवसर प्राप्त हो सकेंगे। नए रोमांचक हालात आपको आर्थिक फायदा पहुँचाएंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। प्रशासनिक लोगों से मेल-जोल बढ़ेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — निजी जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आकस्मिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। अपने काम करने के तरीकों को बदलें नहीं तो भाइयों से विवाद होंगे। दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आपको कोई सरप्राइज़ मिल सकता है। सत्कर्म में रुचि रहेगी। वित्तीय अनिश्चितता आपको मानसिक तनाव दे सकती है।

**सिंह** — आजीविका के नए साधन मिलेंगे। वाणी पर संयम रखें। आर्थिक तौर पर बेहतरी के चलते आपके लिए जरूरी चीजें खरीदना आसान होगा। यात्रा संभव है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। मान सम्मान में बढोतरी होगी। संतान के व्यवहार से दु:ख होगा।

**कन्या** — आजीविका में नए प्रस्ताव मिलेंगे। जो आप के लिए शुभ रहेंगे। मित्रों में वर्चस्व बढ़ेगा। साहस, पराक्रम में वृद्धि संभव है। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ की संभावना बनती है। अनाज, तेल, पोहा और किराना व्यापारियों के लिए समय उतार चढ़ाव वाला है। स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें।

**तुला** — दिन उपयुक्त है। आज के दिन शुरू किया गया निर्माण का कार्य संतोषजनक रूप से पूरा होगा। किसी विशेष कार्य के होने से ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। पूर्व में किए कार्यों के शुभ परिणाम देखने को मिलेंगे। वाणी पर संयम रखते हुए कार्य करें।

**वृश्चिक** — अपनी आदतों से जीवनसाथी से तालमेल स्थापित नहीं हो सकेगा। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग बन रहे हैं। प्रसन्नता व आशाजनक वातावरण के कारण प्रयास सार्थक होंगे। कोई बेहतरीन नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फायदा दिलायेगा। आज भेंट-उपहार आदि की प्राप्ति संभव है।

**धनु** — रोजगार योग प्रबल हैं । वाहन सुख मिलेगा। आर्थिक निवेश में सावधानी रखें। आपको अपना अतिरिक्त समय अपने शौक पूरे करने या उन कामों को करने में लगाना चाहिए, जिन्हें करने में आपको सबसे ज्यादा मजा आता है। शीत से संबंधी विकार हो सकते हैं। कार्यस्थल पर सही निर्णय ले पाएंगे।

**मकर** — व्यापार-व्यवसाय उत्तम रहेगा। निजी समस्या का समाधान होगा। आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज रहेंगे और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफा भी मिले। कुल मिलाकर फायदेमंद दिन है। लेकिन आंखें बंद करके किसी पर यकीन न करें। मेहमानों का आवागमन बना रहेगा।

**कुंभ** — कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह आप को महत्वपूर्ण पद दिलवा सकता है। सामाजिक दायरा बढेगा। आपकी शौहरत बढ़ेगी और आप आसानी से दूसरे लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे। बुद्धि एवं तर्क से कार्यस्थल पर अपना वर्चस्व स्थापित करेंगे। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।

**मीन** — रोजगार के योग हैं । आज वाणी पर नियंत्रण रखें। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग बनेंगे। अगर आप विशेषज्ञ की सलाह के बिना निवेश करेंगे तो नुकसान मुमकिन है। कार्यपद्धति में बदलाव होगा। चुगलखोरों से सावधान रहें । स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## सामयिक चर्चा

# नेता को कौन समझ पाता है?

खबर पढ़ कर

बानी बोले-''गजाधर!

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सीबीआई की नौ घंटे की पूछताछ के बाद मीडिया से कहा-''पूरी इज्जत के साथ सीबीआई ने शराब नीति मामले में मुझसे छप्पन सवाल किया।

और मैंने सबका जवाब दिया। उन्होंने आगे जो कहा उसे हम 'जोर देकर' पढ़ेंगे- 'कथित शराब घोटाला झूठ है।'

आम आदमी पार्टी एक कट्टर ईमानदारी पार्टी है। 'हम मर जाएंगे लेकिन भ्रष्टाचार नहीं करेंगे।'

पर गजाधर! मैं समझ नहीं पाता हूँ 'आप' पार्टी की राजनीति में ईमानदारी का यह कैसा है खेल, कि उसके दो-दो मंत्रियों को मिली जेल ? तो ऐसा क्यों आप हमें बताएँ? गजाधर मुस्कुराए बानी के पास आए बोले-''राजनीति के दांव-पेच के खेल को, राजनीति में कथनी और करनी के मेल को, बानी! हम कभी समझ नहीं पाए। वैसे हमने नेता बनने की बड़ी कोशिश की थी, पर बेवकूफ बनकर वापस आए तो किस्सा कोतः ये कि केजरीवाल जी की बातों को बन्दा समझ नहीं पाता है। इसीलिए तो वह नेता नहीं, मतदाता है।''



– गिरीश बख्शी

## कविता

# भारत मा के सपूत

मैंने भारत मां के एक सपूत को देखा,भादो का था मास।
तिरंगे में लिपटा था वह, बेबस मां रो रही थी, बैठे पास।।
आंखें बनी थी सावन -भादो
किस्मत को कोस रही थी।
एक बार तो मुझे मां कह दे बेटे
बिलख-बिलख मां रो रही थी।।
विधवा मां के जीवन का था, वह एक अरमां और एक आस।
मैंने भारत माता के.....
बहना भी रो -रो कह रही थी,
घर -परिवार का था तू बड़ा शान ।
देश की आन- बान-और हम सबका था अभिमान देश के लिए मर – मिट जाने वाला, तू सच में है महान ।।
गांव गली स्तब्ध सभी थे, घर आंगन पड़े उदास।
मैंने भारत माता......
धर्मपत्नी का हाल बूरा था,
गोद में छोटा सा था एक लाल
उम्र कम थी,, सिंगार लुटा था,
मुंह बांये खड़ा था सवाल ।
पांव तले धरती उसकी थी, न सर के ऊपर आकाश।
मैंने भारत माता के......
सदा के लिए चिर निद्रा लीन था,
दमकता चेहरा ओज वान बना,
चीख रही थी चारों दिशाए आसमान गमगीन सना ।
चिखती धरती बोल रही ,लोहा लेता रहा अंतिम साँस।
मैंने भारत माता के......
जय हो, सदा अमर रहो, मां भारती करे गुंजार,,
लाखों बेटे बलि-बलि जाने सहर्ष है?
मां तैयार ।।



- शेरसिंह गोंड़िया,
'मयारु माटी'

# बनकर तैयार शौचालय भी बंद पड़ा है, ग्रामीण खुले में जा रहे शौच

**ग्रामीण कर रहे सवाल - कब खुलेगा सामुदायिक शौचालय का ताला, छुईखदान ब्लाक में स्वच्छ भारत मिशन की उड़ाई जा रही धज्जियां**

गंडई पंडरया (दावा)। गंडई क्षेत्र के ग्राम कृतबांस में सामुदायिक शौचालय बनाया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद ताला लगा हुआ है। जिसके चलते लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गांव को खुले में शौच मुक्त बनाने घर-घर शौचालय बनाने के बाद प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय बनाने का कार्य चालू किया गया है। कार्य पूर्ण होने के बाद भी ग्रामीणों को शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

गौरतलब हो कि गंडई क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कृतबांस में शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। लेकिन ऐसे में सामुदायिक शौचालय ग्रामीणों के लिए मात्र शो-पीस बनकर रह गए हैं। ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीण को खुले में शौच के लिए मजबूर है। शासन-प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों रुपए खर्च कर आदर्श सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया इसके लिए लाखों रुपए खर्च किया गया। इसके पीछे नियत साफ था कि ग्रामीण खुले में शौच करने के बजाए सामुदायिक शौचालय का उपयोग करें ताकि गांव में स्वच्छता बना रहें। परंतु मसला कुछ अलग ही दिखता नजर आ रहा है। ग्रामीणों को शौचालय का लाभ नहीं मिल रहा है।




सामुदायिक शौचालय में ताला लटका हुआ है। ग्रामीणों को आदर्श सामुदायिक शौचालय का लाभ आखिर कब मिलेगा यह सवाल ग्रामीण जिम्मेदार अधिकारियों से कर रहे है। इसका जवाब देने वालें कोई नही है।

निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद शौचालय के बाहरी दिवारों में बकायदा एक कदम स्वच्छता की ओर श्लोगन लिखा गया है। लेकिन आदर्श शौचालय का लाभ ग्रामीणों को मिलता नही दिख रहा है। इस ओर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत के जिम्मेदारो को ध्यान देने की जरुरत है ताकि ग्राम पंचायत खुले शौच मुक्त हो सकें।

### 80 प्रतिशत शौचालयों में लटक रहा ताला

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कृतबांस में बनाएं गए शौचालय के तर्ज पर ही छुईखदान ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य कराया गया है। ताकि गांव पहुंचे लोगों को खुलें में शौच न करना पड़े बजाएं शौचालय में ताला लटक रहा है जिसके चलते चाहकर भी ग्रामीण सुलभ शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रहे। बाहरी दिवारों पर रंग रोगन कर श्लोगन भी लिखा हुआ है। लेकिन अभी वर्तमान में बनाएं गए सामुदायिक शौचालय का ताला लटका हुआ है। ब्लाक के लगभग 80 प्रतिशत ग्राम पंचायत मे बने शौचालय की यही स्थिति बनी हुई है। जिससे ग्रामीणो को खासा परेशानी उठानी पड़ रही है।

### ब्लाक के 50 प्रतिशत सामुदायिक शौचालय का खस्ताहाल

ग्राम पंचायत कृतबांस गंडई के निकटतम अत्यधिक आबादी वाला ग्राम पंचायत है। यहां लोगों का आवागवन लगा होता है जनसंख्या को देखते हुये जरूरत के मुताबिक शौचालय की व्यवस्था कराई गई थी। किन्तु सुलभ शौचालय अनदेखी का शिकार है।

> ग्राम पंचायत मे बने शौचालयों की जानकारी नहीं है सचिवों से जानकारी मांगकर उचित जांच की जाएगी है, जवाब मांगा जाएगा। वही अपूर्ण शौचालय के लिए जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये जाएंगे।
>
> **- जेएस राजपूत, सीईओ जनपद पंचायत छुईखदान**

# राजस्व संबंधी समस्याओं के संबंध में सरपंच संघ एसडीएम से मिले



छुरिया (दावा)। राजस्व मामले के कारण ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यो में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। शासन जल जीवन मिशन का पाइप लाइन पानी टंकी निर्माण से लेकर सामुदायिक भवन, गौरव पथ, सीसी सड़क, गौठान निर्माण, चारागाह निर्माण जैसे विभिन्न निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों के विकास एवं ग्रामीणों के मूलभूत सुविधाओं के लिए तैयार किया जाता है किंतु ग्राम पंचायतों में निर्माण स्थल पर कब्जा के नाम पर बेवजह अतिक्रमण कर शासन के मूलभूत निर्माण कार्य पर रोक लगाने की कोशिश करते है।

ग्राम विकास के लिए सरपंच किसी न किसी प्रकार से कार्ययोजना तैयार कर विकास कार्य करने की कोशिश करते है किंतु गांव के कुछ अनाधिकृत एवम ग्राम विरोधी व्यक्ति कुछ लोगों को बहला फुसलाकर उक्त कार्यों पर रोक लगाकर ग्राम विकास पर रोक लगाने की कोशिश करते है। जिस पर सरपंच तहसील, एसडीएम व न्यायालय के चक्कर काटते रहते है जिससे ग्राम विकास में बहुत ही समस्या उत्पन्न होती है। जिला सरपंच संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने एसडीएम सुनील नायक से इन मामलों में विभिन्न ग्राम पंचायतों में आ रही समस्याओं के संबंध में सरपंच संघ छुरिया का नेतृत्व करते हुए कहा कि सरपंच के प्रत्येक रास्ते पर एक तरफ कुआं एवं एक तरफ खाई की स्थिति बना होंता है। ग्राम पंचायत को जैसे तैसे निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति व कार्य आदेश मिलती है फिर शासकीय स्थान होने के बावजूद बेजा कब्जा अतिक्रमण उसके बाद भी कार्य प्रारंभ करने पर न्यायालय में पेशी का चक्कर लगाना। निर्माण कार्य के शुरू होने से पूर्ण होने तक डर बना होता है। सरपंच संघ छुरिया ने उक्त समस्याओं पर एसडीएम से सहयोग की अपील की है। साथ ही ग्राम पंचायत मेटेपार में वृक्षारोपण में हुए तार फेंसिंग कार्य की भौतिक सत्यापन कर पूर्ण राशि दिलाने की मांग किया है।

अनुविभागीय अधिकारी सुनील नायक ने सरपंचों को आश्वस्त करते हुए ग्राम पंचायतों पर किए जा रहे निर्माण कार्यों पर बेवजह रोक लगाने वालो पर मामला दर्ज करने का आश्वासन दिया।

# विधायक ने ग्राम करमतरा में सामुदायिक भवन के लिए 3 लाख की घोषणा की



**साहू समाज ने दी स्व. भुनेश्वर साहू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

खैरागढ़ (दावा)। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के द्वारा साहू समाज के लिए ग्राम करमतरा में मंदिर के पास साहू समाज सामुदायिक भवन के लिए तीन लाख की घोषणा की साथ ही अपने भाषण में विधायक समाज को एक नई सोच के लिए प्रेरणा का स्रोत बने समाज में जो मृत्यु भोज होता है। उसको मृत्यु भोज ना बनाकर शांति भोज के रूप में परिवर्तन करने को एक समाज को नया संदेश दिया है। क्योंकि अभी उनके फिलहाल जो है कि घर में शोक का कार्यक्रम था। उसमें गांव वाले जो थे कि मृत्यु भोज के लिए बोले तो विधायक यशोदा वर्मा ने अपने शब्दों में बताते हैं,कि मृत्यु भोज ना रखकर शांति भोज जिसमें नॉर्मल दाल चावल ही रहे।

इस प्रकार लोगों को एक नई सोच भी दिया तथा सोच को हमें समाज में अपनाना चाहिए और इन्हीं सोचो के साथ उन्होंने एक महत्वपूर्ण और संदेश दिया, जो अभी के हमारे युवा साथी है। उन युवा साथियों को जैसे खेती-बाड़ी से जुड़े हुए हैं, तो आप खेती-बाड़ी में भी पारंगत हो सकते हैं, जो हमारी सरकार कांग्रेस सरकार किसानों के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं लेख लेकर आ रही हैं और योजनाओं का हम लाभ लेकर युवा साथी हैं, जो अपने खेती-बाड़ी को और अग्रसर कर सकते हैं। इससे अपने खेती-बाड़ी को बढ़ा सकते हैं।

इस कार्यक्रम में टिलेश्वर साहू, विशेश्वर साहू, गिरधारी साहू, यादव राम साहू, लीला मिनेश साहू, भुनेश्वर साहू, रमेश साहू, लिमेश्वरी साहू, विप्लव साहू, अशोक साहू, महेंद्र साहू, राजकुमार साहू, ताराचंद साहू, जागेश्वर साहू, संतोष साहू, महेश साहू, सुमित साहू, कमलेश साहू, गणेश साहू, लूणकरण साहू, परमानंद साहू, दिनेश साहू सहित समस्त ग्रामवासी करमतारा जालबांधा खैरागढ़ के बडी संख्या में उपस्थित थे।

# तहसील स्तरीय संत शिरोमणी सेन जयंती में शामिल हुए रविन्द्र वैष्णव



छुरिया(दावा)। सर्व सेन समाज के तत्वाधान तहसील स्तरीय संत शिरोमणि सेन महराज की जयंती समारोह आयोजित किया गया। भव्य शोभायात्रा निकालकर संत सेन महाराज जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथि के रुप में जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने समाज के स्वजातीय बंधुओ संबोधित करते हुए कहा कि हमें समाज को नई ऊंचाई पर ले जाने के संगठन एक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। संत के बताएं मार्ग पर चले की बात जोर दिया गया।

कार्यकम में स्वागत उदबोधन सर्व सेन समाज के तहसील अध्यक्ष शेखर भारतद्वाज के अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी समाज सेवाभावी समाज संत सेन महराज के जीवनी हम सबके प्रेरणादायी है। उन्होंने संत सेन जी महराज के महिमा को विस्तार से समाज के बीच रखा कार्यक्रम का संचालन विजय भारतद्वज द्वारा किया गया।

इस अवसर सरपंच ग्राम पंचायत मोहगाव संजीव तुमरेकी, ग्राम पटेल, रामेश्वर चंद्रवंशी खेमचंद साहू जनपद पंचायत प्रतिनिधि, सुरेश साहू पूर्व सरपंच दामा बंजारी, रोहित सेन, जयकरण सेन, बिजेक सेन, पुनीत भारद्वाज, नीलकंठ सेन, सोनाराम सेन, पूरन सेन, देवकुमार सेन सेलून संघ अध्यक्ष, उत्तम सेन, रोहित सेन, जगदीश सेन, चुनूराम सेन, दयाशंकर सेन, ईश्वर सेन, मदन सेन, सुरेश सेन, दानी सेन, ट्रुमन सेन, रूपेंद्र सेन, भीष्म सेन, आरती सेन, संतकुमार, सुरेंद्र सेन, धनेश तुलूराम, प्रकाश सेन, अशोक सेन सहित समाज पदाधिकारी सामाजिक बंधु ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# किराने की दुकान में लगी आग, लाखों का माल स्वाहा

बालोद (दावा)। डौंडी के वार्ड क्रमांक 4 धुर्वाटोला स्थित यादव किराना स्टोर में बीती रात लगभग 2 बजे आग लग गई. वार्ड वासियों की मदद से घण्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी से करीबन 5 लाख रुपए के नुकसान का अंदेशा जताया गया है. आग लगने का कारण का पता नहीं चल पाया है. डौंडी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

# क्षेत्रवासियों को मिली करोड़ों की सौगात, विभिन्न मार्गो की स्वीकृति से विकास को मिलेगी नई दिशा

**राजनांदगांव (दावा)। विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू के उच्चस्तरीय प्रयासों से खुज्जी विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र की अलग-अलग चार सड़कों के लिए करोड़ों की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। क्षेत्रवासी लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। इन निर्माण कार्यों से बड़ी आबादी को आवागमन में राहत मिलेगी।**



**खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में चार सड़कों के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति**

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र को एक साथ 4 मार्गों की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनसे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने इन मार्गो के निर्माण के लिए बजट में स्वीकृत कराया था व इसके प्रशासकीय स्वीकृति के लिए लगातार प्रयासरत रहीं।

क्षेत्र के बुचाटोला से धरमू टोला 3.40 किलोमीटर के लिए 452.08 लाख, भेजराटोला से भंडारीभरदा 1.95 किलोमीटर के लिए 209.79 लाख, गैंदाटोला से नुन्हाटोला 1.20 किलोमीटर के लिए 130.91लाख, लाताकोड़ो से घोठिया 1.80 किलोमीटर के लिए 203.07 लाख की स्वीकृति प्रशासन से प्राप्त हुई है।

सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष है। छुरिया ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन, अम्बागढ़ चौकी ब्लाक अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, कुमर्दा ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल खान, जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी, जनपद सदस्य ओमप्रकाश पडौती, कन्हैया कोले, सरपंच संघ अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, प्रवक्ता राहुल तिवारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष नेहरू लाल साहू, जयपाल यादव, जोधीलाल साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश शर्मा, छोटेलाल कटेंगा, सूरज साहू, पुष्पा सिन्हा, देव पन्द्रों, कमलेश्वर साहू, डिमेश हिरवानी, ब्लाक उपाध्यक्ष प्रताप घावड़े, लालचन्द साहू, एकनाथ सिन्हा, पन्नालाल साहू, विजय मालेकर, गणेश पटेल, भीखम देवांगन, राजू राजपूत, तामेश्वर साहू,जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू, अफजल कुरैशी, भावेश सिन्हा, ईश्वरी बाई मिरी,जनपद सदस्य हेमलता बंजारे, संजीव गुप्ता, ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रिका वर्मा, अमित अग्रवाल, पुनेश्वर चंद्रवंशी, देवधर सिन्हा, पूरण नेताम, ललित मंडावी, आरिफ खान, दिनेश ठाकुर, रामसाय उइके, गौतम चुरेन्द्र, भवभूति साहू, विजय साहू, कमलेश यादव, रेवाराम लाडेकर, महेंद्र साहू, जगदीश बघेल, अनिल टेमरे, फकीर साहू, कामता साहू, डुमेश्वर साहू, अगनु साहू, पूरण साहू, चंद्रभान साहू, नरेंद्र साहू, विजय भारद्वाज, तुलेश साहू, हीरा बंधे सहित क्षेत्रवासियों ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सर्व सेन समाज ने धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती



खैरागढ़ (दावा)। सर्व समाज को सत्य अहिंसा और प्रेम का संदेश देने वाले संत शिरोमणि सेन महाराज की 723 वी जयंती सेन समाज ने बड़े धूमधाम से शिव मंदिर परिसर में मनाया। समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में सेन महाराज के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर,आरती उतारी। उसके बाद सर्व सेन समाज अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास ने संत शिरोमणि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया, कि उनका जन्म 13वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में मप्र के बांधवगढ़ में हुआ था। जिसे आजकल रींवा के नाम से जाना जाता है।।स्वामी रामानंद से दीक्षित सेन महाराज बाल्यावस्था से ही शक्ति संपन्न और सौर कार्य में भी निपुण थे।

श्री श्रीवास ने कहा कि युवावस्था में बांधवगढ़ के शासक ने उन्हें अपने सौर सेवा में रखा था। जहां उन्हें नित्य दिन जाना होता था। लेकिन एक दिन महल के मुख्य द्वार पर सत्संग देखकर वो रुके और हरि कीर्तन में इस कदर रमे कि महाराज के सेवा करना भूल गये। सत्संग समाप्त होने पर वो भागते महल पहुंचे तो प्रहरी ने पूछा कि क्या भूल आये, राजा ने कहा कि अभी अभी तो सौर कार्य निपटाकर गये हो फिर क्यों लौट आये। बाद में पता चला कि वो जब सत्संग कर रहे थे,तो साक्षात नारायण ने उनका रूप धारण कर महाराज की सेवा की है, राजा ने उन्हें शिरोमणि की उपाधि दीं। संत शिरोमणि सेन महाराज ने साधु संतों की सेवा, सत्संग प्रवचन के माध्यम से भक्ति, ज्ञान का संदेश सर्व समाज को दिया है। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने सामाजिक एकता साथ शिक्षा पर जोर दिया। पूजा अर्चना बाद प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान किशोर सेन, आलोक श्रीवास, छोटू सेन, निक्कू श्रीवास, पोलू श्रीवास, आमोद सेन, मनोहर सेन, कोमल श्रीवास, राकेश सेन, विक्की श्रीवास, कृष्णगोपाल श्रीवास, जय प्रकाश श्रीवास, संजय श्रीवास, मनीष श्रीवास, ललित श्रीवास, भूपेंद्र सेन, प्रदीप श्रीवास सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित थे।

# रोजगार सहायकों को प्रभार के लिए निकला आदेश

डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत क्षेत्र के 76 ग्राम पंचायतों में सचिवों के हड़ताल के चलते संपूर्ण कामकाज ठप्प पड़ गया है. सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल की वजह से उपसंचालक पंचायत जिला राजनांदगाँव ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार पंचायतों के कामकाज के संचालन के लिए पूरे 76 पंचायतों के लिए सूची जारी कर दिया है. इस पत्र के अनुसार सूची में 6 सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी को 13 ग्राम पंचायत, 2 सहायक विकास विस्तार अधिकारी को 3 ग्राम पंचायत, 6 तकनीकी सहायकों को 15 ग्राम पंचायत, 4 सचिवों को 11 ग्राम पंचायत और बाकी बचे 34 ग्राम पंचायतों में रोजगार सहायकों को सचिव घोषित किया गया है. इस आदेश के चलते सोमवार 17 अप्रैल को जनपद पंचायत डोंगरगाँव व्दारा इन सभी को संबंधित ग्राम पंचायतों से प्रभार प्राप्त कर कार्यालय को सूचित करने का आदेश भी जारी कर दिया गया है. गौरतलब है कि 4 सचिवों में एक सचिव वर्तमान में परीक्षावधि में है और बाकी बचे 3 सचिव हड़ताल में शामिल नहीं हैं, जिसके चलते उन्हें प्रभार प्राप्त करने के आदेश दिए गए हैं. वर्तमान में ग्राम पंचायतों के सचिवों के पास पूरे पंचायतों का प्रभार अबतक है और हड़ताली सचिवों को प्रभार देने के लिए कोई आदेश जारी नहीं किया गया है. ऐसे में पंचायतों का प्रभार लेने-देने में भी काफी समय गुजर सकता है. रोजगार सहायकों को पंचायतों का प्रभार मिलने के बाद भी भुगतान, लेनदेन और कामकाज को समझने के लिए भी काफी समय लगेगा. हॉलाकि प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में रोजगार सहायक सचिव के प्रभार को लेने से परहेज कर रहे हैं. इधर छत्तीसगढ़ प्रदेश सरपंच संघ ने भी सचिवों की मांगों को जायज बताते हुए उनका समर्थन किया है.

# भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना मे पात्र हितग्राहियों को मिलेगा 7000 रुपये सालाना, वार्षिक अनुदान हेतु भूमिहीन कृषि मज़दूरों का चिन्हांकन पारदर्शिता के साथ करें -डॉ. जगदीश सोनकर

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी कलेक्टर डॉ. जगदीश सोनकर ने राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना को जिला में सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु जिला सभागार की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस योजना में ऐसे भूमिहीन कृषि मजदूर पात्र होंगे जिनके पास अंशमात्र भी कृषि जमीन न हो। हितग्राही के पास 1 अप्रेल 2023 की स्थिति में निर्धारित पात्रता हो। इस योजनांतर्गत उन्हें 7000 रु वार्षिक अनुदान दिया जाएगा।

जिला कलेक्टर डॉ. जगदीश सोनकर ने राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजनान के क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वार्षिक अनुदान हेतु भूमिहीन कृषि मज़दूरों का चिन्हांकन पारदर्शिता से करें। कोई भी पात्र हितग्राही योजनान्तर्गत लाभान्वित होने से छूटना नहीं चाहिये। भूमिहीन कृषि मजदूरों पर आधारित इस योजना में छत्तीसगढ़ शासन की मंशा है कि कृषि मजदूरी कार्य मे संलग्न ग्रामीणों मे अधिकतर लघु, सीमांत अथवा भूमिहीन कृषक है। ये भूमिहीन मजदूर खरीफ की सीजन मे तो कृषि मजदूरी कर जैसे तैसे अपना जीवन निर्वाह कर लेते हैं। रबी फसल में क्षेत्राच्छादन कम होने के कारण इनके सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जाता है। इस योजना में ऐसे भूमिहीन कृषि मज़दूरों का चिन्हांकन करके, उन्हें सालाना 7000 रु. अनुदान देकर राहत पहुॅचाना है।



**ग्रामीण स्तर पर सचिव ग्राम पंचायत व शहरी क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पास करेंगे आवेदन**

### राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में हितग्राहियों की पात्रता

इस योजना से भूमिहीन कृषि मजदूरों की आय मे वृद्धि होगी और जीवन स्तर उन्नत होगा। यह योजना केवल ऐसे भूमिहीन कृषि मजदूर व्यक्ति अथवा परिवारों के लिए है जो केवल ग्राम पंचायत या नगर पंचायत क्षेत्र मे निवासरत हों तथा उनके पास आवासीय भूमि के अलावा अंश मात्र भी कृषि भूमि न हो। वहीं नगर निगम अथवा नगरपालिका क्षेत्र के रहवासी मजदूर व भूमिहीन इस सुविधा से वंचित हो जायेंगे। ऐसे भूमिहीन कृषि मजदूर पात्र होंगे जिनके पास अँशमात्र भी कृषि जमीन न हो, तथा जो पंजीकृत हो। इसके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के आदिवासियों के देवस्थल मे पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पूजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है तथा आदिवासियों के देवस्थल के हाट पर्याहा, बाजा मोहरिया, कृषि भूमि धारण करने के बावजूद योजना के पात्र होंगे बशर्ते उन्हे अन्य योजनाओं से किसी भी प्रकार से आर्थिक अनुदान न मिलता हो।

### भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया

इस योजना का क्रियान्वयन राज्य स्तर पर आयुक्त/संचालक भू अभिलेख शाखा तथा जिले स्तर पर जिला कलेक्टर की देख रेख मे इस योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा।

पात्र हितग्राहियों को आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज यथा आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति ग्रामीण स्तर पर सचिव ग्राम पंचायत व शहरी क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पास जमा करेंगे। यह योजना ग्राम पंचायत क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2021-22 से लागू किया गया है जबकि नगर पंचायत क्षेत्रों मे वित्तीय वर्ष 2023-24 से लागू होगा। योजना का कट ऑफ डेट 1 अप्रेल 2023 होगा अर्थात उक्त दिनांक की स्थिति में हितग्राही के पास योजनांतर्गत निर्धारित पात्रता होना आवश्यक है।

### राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में ये होंगे अपात्र

इस योजना के अंतर्गत परिवार के मुखिया के नाम से किसी भी प्रकार की कृषि भूमि हो अथवा भूमि के उत्तराधिकारी मे नाम हो। किसी भी प्रकार के राज्य अथवा केंद्र के दैनिक वेतन भोगी, सेवानिवृत या सेवारत कर्मचारी, जनप्रतिनिधि पूर्व या वर्तमान पंच, सरपंच, जिला व जनपद, लोकसभा व राज्यसभा के सदस्यों व किसी भी प्रकार से आय कर दाता को पात्रता नही होगी।

# संक्षिप्त खबरें...

## बीसीसीआई ने घरेलू आयोजनों की इनामी राशि बढ़ाई



मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुषों और महिलाओं के सीनियर घरेलू टूर्नामिंटों के लिये पुरस्कार राशि में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि पुरुषों की पुरस्कार राशि में जहां 60 प्रतिशत से 300 प्रतिशत के बीच बढ़ोतरी हुई है, वहीं महिलाओं के दो आयोजनों में 700 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी देखी गयी है। रणजी ट्रॉफी चैंपियन टीम की इनामी राशि दो करोड़ रुपये से बचाकर पांच करोड़ रुपये कर दी गयी है, जबकि हारने वाली फ़ाइनलिस्ट और सेमीफ़ाइनलिस्ट टीमों को क्रमशः तीन करोड़ (पहले एक करोड़) और एक करोड़ (पहले 50 लाख) रुपये दिये जायेंगे। घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट विजय हज़ारे ट्रॉफी की इनामी राशि को 30 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ कर दिया गया है, जबकि उपविजेता को 15 लाख के बजाय 50 लाख रुपये दिये जायेंगे। घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की इनामी राशि में सबसे बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है जहां विजेता को 80 लाख (पहले 25 लाख) और उपविजेता को 40 लाख (पहले 10 लाख) रुपये से पुरस्कृत किया जायेगा।

महिला सीनियर वनडे और टी20 ट्रॉफी चैंपियन और उपविजेता आखिरकार एक महत्वपूर्ण पुरस्कार राशि अर्जित करना शुरू कर देंगी। नतीजतन, महिला एकदिवसीय चैंपियन टीम रुपये 50 लाख (पहले छह लाख) कमाएगी जबकि टी20 चैंपियन टीम को 40 लाख (पहले पांच लाख) रुपये का इनाम दिया जाएगा।

## जुबा संघा, ईमी की बड़ी जीत

नयी दिल्ली । जुबा संघा और ईमी हीरोज ने फुटबॉल दिल्ली बी-डिवीजन लीग के एकतरफा मुकाबलों में क्रमशः दिल्ली कैंट और यूनाइटेड एफसी को 8-0 और 8-1 से रौंद डाला।



जुबा संघा के मैन ऑफ द मैच महिप अधिकारी ने तिकड़ी जमाई। ईमी सात अंकों के साथ शीर्ष पर चल रही है। अमन सिंह को दो गोल जमाने पर मैन ऑफ द मैच आंका गया। नेहरू स्टेडियम पर खेले गये दिन के अन्य मैचों में लोदी एथलेटिक्स क्लब ने हंस क्लब को प्रिंस कुमार के गोल से 1-0 से परास्त किया।

## 330 रुपए का सब्सक्रिप्शन लें और एलन मस्क से पूछें कोई भी सवाल

नई दिल्ली । ट्विटर पर सुपर फॉलो फीचर को सब्सक्रिप्शंस के तौर पर पेश किया गया है। इस फीचर की खास बात ये है कि आप आप ट्विटर के चीफ एलन मस्क से कोई भी सवाल पूछ सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मस्क ने जानकारी दी कि खास कंटेंट प्रोवाइड कराने के लिए यूजर्स अब फॉलोवर्स से चार्ज वूसल सकते हैं। इससे ट्विटर यूजर्स को कमाई करने का बेहतरीन मौका मिलेगा। वहीं, मंथली चार्ज के साथ एलन मस्क आपके हर सवाल का जवाब देंगे। यूजर्स लंबे टेक्स्ट, लंबी वीडियो जैसे एक्सक्लूसिव कंटेंट के लिए फॉलोवर्स से चार्ज वसूल सकते हैं। वहीं, सब्सक्राइबर्स को अलग बैज का बेनिफिट मिलेगा। मस्क ने खुद का सब्सक्रिप्शंस भी शुरू किया है। अगर आप इसे सब्सक्राइब करते हैं तो 4 डॉलर (लगभग 330 रुपए) प्रति महीना देकर मस्क से सवाल पूछ सकते हैं।

## भारतीय मूल की ऑस्ट्रेलियाई महिला की सड़क हादसे में मौत

कोलंबो। श्रीलंका में एक सड़क हादसे में भारतीय मूल की 67 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई नागरिक की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी पीटीआइ के अनुसार, ये हादसा सोमवार को हुआ, जब श्रीलंका में एक कार चट्टान से गिर गई। इस हादसे में महिला की मौत हो गई और उनकी बेटी सहित दो लोग घायल हो गए हैं।

कोलंबो पेज समाचार पोर्टल ने बताया कि मृतक महिला की पहचान प्रकाश सरीता देवी के रूप में की गई है। हादसा उस समय हुआ, जब वह हेमथागामा के दारा वांगुवा की यात्रा कर रही थी। इसी दौरान उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल कार चालक वटाला निवासी 30 वर्षीय महिला को गम्पोला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# चेन्नई सुपरकिंग्स ने आरसीबी को आठ रन से हराया, डुप्लेसिस और मैक्सवेल की पारी गई बेकार

चेन्नई। आईपीएल के 24वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को रोमांचक मुकाबले में आठ रन से हरा दिया। आरसीबी के होमग्राउंड एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई ने अंतिम ओवर तक चले मैच में जीत हासिल की। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में छह विकेट पर 226 रन बनाए। जवाब में आरसीबी की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 218 रन ही बना सकी।

### जीतते-जीतते हार गई आरसीबी

चेन्नई सुपरकिंग्स ने आरसीबी को रोमांचक मैच में आठ रन से हरा दिया है। यह उसकी सीजन में तीसरी जीत है। चेन्नई के अब पांच मैचों में छह अंक हो गए हैं। वहीं, आरसीबी की यह तीसरी हार है। उसके चार अंक ही हैं। चेन्नई अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, आरसीबी सातवें पायदान पर है। आरसीबी को आखिरी ओवर में जीत के लिए 19 रन की



आवश्यकता थी। सुयश प्रभुदेसाई और वनिंदु हसरंगा टीम को जीत नहीं दिला सके। प्रभुदेसाई ने एक छक्का लगाकर उम्मीद तो जगाई लेकिन वह हसरंगा के साथ मिलकर सिर्फ 10 रन ही जोड़ सके। अंतिम गेंद पर प्रभुदेसाई आउट भी हो गए। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में छह विकेट पर 226 रन बनाए। जवाब में आरसीबी की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 218 रन ही बना सकी। आरसीबी का अगला मुकाबला 20 अप्रैल को मोहाली में पंजाब किंग्स से होगा। वहीं, चेन्नई की टीम 21 अप्रैल को चेन्नई में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उतरेगी।

### विराट का नहीं चला बल्ला

आरसीबी को पहले ही ओवर में चेन्नई के इम्पैक्ट प्लेयर आकाश सिंह ने बड़ा झटका दिया। उन्होंने विराट कोहली (चार रन) को क्लीन बोल्ड कर दिया। कोहली के बाद महिपाल लोमरोर (शून्य) भी नहीं चले। वह दूसरे ओवर में तुषार देशपांडे का शिकार बने।

### मैक्सवेल-डुप्लेसिस ने खेली तूफानी पारियां

15 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने तेजी से रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की। मैक्सवेल 36 गेंद पर 76 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और आठ छक्के लगाए। फाफ डुप्लेसिस 33 गेंद पर 62 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्होंने पांच चौके और चार छक्के लगाए। डुप्लेसिस जब आउट हुए तब 14 ओवर में आरसीबी का स्कोर 159 रन था।

# आईटी स्टॉक्स में बड़ी गिरावट के चलते 500 अंक गिरकर बंद हुआ सेंसेक्स

नई दिल्ली। तीन दिनों की छुट्टी के बाद इस हफ्ते का पहला कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार के लिए बेहद निराशानजक रहा. इंफोसिस की अगुवाई में आईटी स्टॉक्स में भारी गिरावट के चलते बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली है.



हालांकि निचले लेवलं से बाजार ने रिकवरी भी की. सेंसेक्स में एक समय 1000 तो निफ्टी में 254 अंकों की गिरावट आ गई थी लेकिन बैंकिंग और एफएमसीजी स्टॉक्स में ख़रीदारी के चलते बाजार संभला और आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 524 अंकों की गिरावट के साथ 60,000 के नीचे 59,896 तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 126 अंकों की गिरावट के साथ 17,701 अंकों पर बंद हुआ है. आज के ट्रेंड में बैंकिंग, एफएमसीजी, एनर्जी, ऑटो, ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जासे सेक्टर के शेयर तेजी के साथ बंद हुए. जबकि आईटी, फार्मा, हेल्थकेयर जैसे सेक्टर के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. स्मॉलकैप और मिडकैप इंडेक्स के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली है.

आज के कारोबारी सत्र में भी निवेशकों की संपत्ति के आंकड़े में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखने को मिला है. बीएसई पर लिस्टेड कंपनी का मार्केट कैपिटलाईजेशन बढ़कर 265.94 लाख करोड़ रुपये रहा है तो पिछले ट्रेडिंग सेशन में 265.93 लाख करोड़ रुपये रहा था.

## विराट-गांगुली के बीच नया बवाल, कोहली ने इंस्टाग्राम से सौरव गांगुली को किया अनफॉलो

नई दिल्ली। विराट कोहली और सौरव गांगुली। भारतीय क्रिकेट के दो बड़े दिग्गज क्रिकेटर्स और दो पूर्व कप्तान। लकिन इन दोनों ही दिग्गजों के बीच लंबे समय से जो विवाद चल रहा है वो कभी दुनिया से छिपा नहीं। हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम एक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स से टकराई थी। उस मैच में विराट कोहली और सौरव गांगुली के बीच सामने आए पुराने विवाद को एक बार फिर से उजागर कर दिया।



दरअसल मैच के बाद विराट कोहली ने सभी से हाथ मिलाया लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली को इग्नोर तो किया ही। साथ ही उन्होंने दादा से हाथ भी नहीं मिलाया। इस तनातनी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसके बाद एक बार फिर से गांगुली और विराट के बीच कैप्टेंसी विवाद की बातें फिर से चर्चा में आ गईं। लेकिन अब विराट ने कुछ ऐसा कर दिया है जिसके चलते ये दोनों खिलाड़ी एक बार फिर से चर्चा में आ गए हैं।अब रिपोर्ट्स आ रही हैं कि हाथ ना मिलाने वाले मामले के बाद विराट कोहली ने इंस्टाग्राम से सौरव गांगुली को अनफॉलो कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पहले विराट सौरव गांगुली को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते थे। लेकिन अब इस खिलाड़ी ने दादा को अपनी फॉलो लिस्ट से हटा दिया है।

## 3000 से ज्यादा कैदियों को रिहा करेगी सैन्य सरकार

नई दिल्ली। म्यांमार की सैन्य सरकार ने पारंपरिक चंद्र नववर्ष की छुट्टियों के मौके पर 3000 से अधिक कैदियों को रिहा करने का सोमवार को फैसला किया। बहरहाल अभी यह स्पष्ट नहीं है कि जिन कैदियों को रिहा किया जाएगा क्या उनमें सैन्य शासन का विरोध करने के लिए जेल में बंद हजारों राजनीतिक कैदी भी शामिल हैं।

सरकारी एमआरटीवी ने बताया कि 2021 में सेना द्वारा सत्ता कब्जाने के बाद बनायी गयी स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल ने 3113 कैदियों को माफी दे दी है। इनमें 98 विदेशी कैदियों को प्रत्यर्पित किया जाएगा। देश में प्रमुख अवसरों पर बड़ी संख्या में कैदियों को रिहा करना आम है।

यांगून की इनसीन प्रिजन के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि देश की सबसे बड़ी जेल से कितने लोगों को रिहा किया जाएगा और उनकी पहचान अभी मालूम नहीं है।सोमवार से कैदियों को रिहा किए जाने की उम्मीद है। एक स्वतंत्र संगठन 'असिस्टेंस एसोसिएशन फॉर पॉलिटिकल प्रिजनर्स' के अनुसार, बुधवार तक म्यांमार की पूर्व असैन्य नेता आंग सान सूकी समेत करीब 17460 राजनीतिक कैदी हैं।

## दिमुथ करुणारत्ने ने सनथ जयसूर्या को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली। श्रीलंका और आयरलैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का पहला मैच श्रीलंका के गाले स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम ने 591 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी है।



श्रीलंका की तरफ से इस पारी में सबसे ज्यादा रन कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने बनाए। उन्होंने इसके साथ ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

पारी की शुरुआत करने आए करुणारत्ने ने अपने टेस्ट करियर का 15वां शतक अच्छी रन गति से पूरा किया। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे करुणारत्ने दोहरे शतक से चूक गए और 235 गेंदों में 179 रन की पारी खेलकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके भी लगाए।

श्रीलंका के धाकड़ खिलाड़ी करुणारत्ने लगातार नए-नए रिकॉर्ड हासिल कर रहे हैं। आयरलैंड टेस्ट से पहले उनके इस फॉर्मेट में 14 शतक थे और वे दिग्गज खिलाड़ी सनथ जयसूर्या के साथ बराबरी पर थे। लेकिन इस मैच में शतक जड़ते ही उनके टेस्ट में 15 शतक हो गए हैं। ऐसे में उन्होंने 14 शतक जड़ने वाले सनथ जयसूर्या को पीछे छोड़ दिया है।

## मुथैया मुरलीधरन की बायोपिक '800' का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

नई दिल्ली। विश्व क्रिकेट के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन का 51वां जन्मदिन है। इस मौके पर उनके जीवन पर आधारित फिल्म '800' का फर्स्ट लुक रिलीज किया गया है।

ये बायोपिक जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। उनकी बायोपिक का नाम '800' इसलिए है, क्योंकि इस दिग्गज स्पिनर ने टेस्ट क्रकेट में सर्वाधिक 800 विकेट लिए हैं, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

मुथैया मुरलीधरन की बायोपिक एम एस श्रीपति डायरेक्ट कर रहे हैं। जिसमें मुथैया मुरलीधरन का किरदार अभिनेता मधुर मित्तल निभा रहे हैं। खास बात ये है कि ये फिल्म तमिल में बन रही है, जो फिल्म हिंदी और तेलुगू में भी रिलीज होगी।

बायोपिक को डायरेक्ट करने वाले श्रीपति बताते हैं, ÷फिल्म '800' महज़ मुरली के क्रिकेट करियर की दास्तां को ही बयां नहीं करती, बल्कि यह फिल्म इंसानी हौसले और उसके जज्बे को भी बखूबी बयां करती है।

ये फिल्म बताती है कि किस तरह एक आम इंसान अपने दृढ़निश्चय, मेहनत और लगन से सभी बाधाओं को पार कर दुनिया का नंबर वन गेंदबाज बना। ये फिल्म मुरलीधरन की शख्सियत के कई पहलुओं को दिखाती है जिसमें उनके अपने देश में जारी उथल पुथल को भी आधार बनाया गया है।'

## आवासीय इमारत में आग लगने से केरल के दंपति समेत 16 लोगों की मौत

नई दिल्ली। दुबई के डेरा में एक आवासीय इमारत में आग लगने से केरल के मलप्पुरम जिले के एक दंपति सहित 16 लोगों की मौत हो गई। मृतक दंपति की पहचान 38 साल के कलंगदान रिजेश और 32 साल के कंदमंगलत जिशी के रूप में हुई है। दोनों मलप्पुरम के वेंगारा के रहने वाले हैं।

अन्य मृतक कथित तौर पर पाकिस्तान और सूडान के हैं। पुलिस के मुताबिक, दंपती की दम घुटने से मौत हुई है। बचाव अभियान में शामिल सुरक्षा गार्ड की भी मौत हो गई है। पुलिस को आशंका है कि आग लगने का कारण शार्ट सर्किट था। बताया जा रहा है कि रिजेश ट्रैवल एजेंसी में काम करता था जबकि जिशी खिजैस क्रिसेंट स्कूल में टीचर था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दुबई के सबसे व्यस्त बाजार नाइफ के फ्रीजमुरार इलाके में एक इमारत में आग लग गई। रिजेश के पिता के भाई ने बताया कि रिजेश और जिशी दोनों के शव कल तक उनके पैतृक गांव पहुंचने की उम्मीद है।3

## थोक मुद्रास्फीति मार्च में 29 महीने के निचले स्तर 1.34 प्रतिशत पर

नई दिल्ली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मार्च 2023 में घटकर 29 महीने के निचले स्तर 1.34 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं और ईंधन के दामों में कमी के चलते हुई है।

हालांकि इस दौरान खाद्य वस्तुओं की महंगाई बढ़ी है। मार्च 2023 लगातार 10वां महीना है, जब थोक मुद्रास्फीति में गिरावट दर्ज की गई है। डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति फरवरी 2023 में 3.85 प्रतिशत और मार्च 2022 में 14.63 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मार्च 2023 में मुद्रास्फीति की दर में कमी की मुख्य वजह बुनियादी धातुओं, कुछ खाद्य उत्पादों, कपड़ा, गैर-खाद्य वस्तुओं, खनिज, रबर एवं प्लास्टिक उत्पादों, कच्चा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, कागज और कागज से बने उत्पादों के दामों में कमी आना है। मार्च में थोक मूल्यों पर आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा अक्टूबर 2020 के बाद से सबसे कम है। तब मुद्रास्फीति की दर 1.31 प्रतिशत थी।

इस बीच खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी के 3.81 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 5.48 प्रतिशत पर पहुंच गई। यूं तो सब्जियों, प्याज और आलू में मुद्रास्फीति अभी भी शून्य से नीचे है लेकिन मूल्य वृद्धि फरवरी की तुलना में अधिक है। सब्जियों के दाम मार्च में 2.22 प्रतिशत घटे जबकि फरवरी में इनकी कीमतों में 21.53 प्रतिशत की कमी आई थी।

मार्च में प्याज के दाम 36.83 प्रतिशत कम हुए, फरवरी में इनमें 40.14 प्रतिशत की कमी आई थी। गेहूं और दाल के मामले में मुद्रास्फीति क्रमश- 9.16 प्रतिशत और 3.03 प्रतिशत रही जबकि सब्जियां 2.22 प्रतिशत सस्ती हुईं। तिलहन की महंगाई दर मार्च, 2023 में 15.05 प्रतिशत घटी।

***देश में कराई जाए जातिगत जनगणना, खत्म...***

जनगणना होनी थी, लेकिन अभी तक शुरू नहीं हो पाई। हमारी मांग है कि जनगणना शुरू की जाए और यह सामाजिक, आर्थिक और जाति पर आधारित हो। कुमार ने यह भी कहा कि इस मामले पर भाजपा को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 2021 में प्रस्तावित जनगणना कोरोना वायरस महामारी के कारण नहीं हो सकी थी।

***दंतेवाड़ा में बरामद हुई दस किलो की प्रेशर ...***

लाल सहित अधिकारियों को दी जिसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जवानों ने आइईडी को डिफ्यूज किया। इस क्षेत्र में सीआरपीएफ 231 बटालियन के द्वारा अब तक 136 आइईडी, 1057 स्पाइक बरामद की जा चुकी है। नक्सली इस क्षेत्र में जवानों को निशाना बनाने लगातार कोशिश कर रहें हैं, पर जवानों के द्वारा नक्सलियों के मंसूबो पर पानी फेर क्षेत्र की सुरक्षा की जा रही है।

**आईईडी बम निष्क्रिय करते एक डीआईजी का जवान घायल :** बीजापुर के जांगला थाना क्षेत्र के बड़े तुंगाली में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर की टीम सुबह रवाना हुई थी। इसी बीच पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। फायरिंग रुकने पर सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा जंगल के रास्ते में लगाये गए आईईडी बरामद किया गया। शाम को 5-6 बजे के लगभग बरामद आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान ब्लास्ट होने से डीआरजी का जवान शंकर पारेट घायल हो गया है। घायल जवान को मामूली चोंटे आई है, जिसका इलाज जिला अस्पताल बीजापुर में किया गया। बता दें एसपी आंजनेय वार्षणेय ने इस घटना की पुष्टि की है।

***पीएम मोदी को सीएम बघेल ने लिखा पत्र,....***

लिया गया। यह विधेयक वर्तमान में महामहिम राज्यपाल के पास अनुमोदन हेतु लंबित है। सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ द्वारा नवम्बर 2022 में ईडब्ल्यूएस वर्ग के लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय को वैध ठहराये जाने से आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। विगत माह में झारखण्ड एवं कर्नाटक विधानसभा में विभिन्न वर्गों के लिए आरक्षण का प्रतिशत 50 से अधिक करने के प्रस्ताव पारित किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु राज्य, जहां प्रति व्यक्ति आय छत्तीसगढ़ से बहुत अधिक है, में तथा पूर्वोत्तर के अनेक राज्यों में जनजातियों एवं पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक है। छत्तीसगढ़ राज्य की भी विशेष परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए संशोधित प्रावधान को संविधान की नवमी अनुसूची में शामिल कराये जाने से ही वंचितों एवं पिछड़े वर्गों के लोगों को न्याय प्राप्त हो सकेगा। अनुरोध है कि इस हेतु सर्व संबंधितों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

***ओडिशा हिंसा में 85 आरोपी गिरफ्तार,....***

में छह और लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस अभी तक इस संबंध में कुल 85 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुनील के. बंसल ने बताया कि शहर में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और वह आश्वस्त हैं कि दो दिन के भीतर कर्फ्यू हटा दिया जाएगा।

***बिरनपुर हिंसा...पिता-पुत्र को मारने वाले 8...***

के हाथ पर कांच की बोतल तोड़ दी। जिसके कारण उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया। इस घटना की जानकारी बच्चों के घरों तक पहुंची, तो दोनों पक्षों के लोगों के बीच मारपीट होने लगी। इस बीच दूसरे पक्ष के लोगों ने तलवार से 22 साल के युवक भुनेश्वर साहू की हत्या कर दी थी। भुनेश्वर साहू की हत्या के केस में भी पुलिस ने 11 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

***शेट्टार ने थामा कांग्रेस का हाथ, भाजपा पर....***

उत्साह बढ़ेगा और वह अपने दम पर ज्यादा सीटें जिताने में सक्षम हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मुझे जगदीश शेट्टार के बारे में ज्यादा बताने की आवश्यकता नहीं है। उनके कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी का उत्साह बढ़ेगा, वह ऐसे व्यक्ति हैं जो न केवल खुद जीतते हैं बल्कि अधिक सीटें जिताने में सक्षम हैं। श्री शिवकुमार ने कहा, श्री शेट्टार ने कोई मांग नहीं रखी और हमने भी कुछ पेशकश नहीं किया। उन्हें पार्टी के सिद्धांतों और नेतृत्व से सहमत होना पड़ेगा। श्री येदियुरप्पा का हवाला देते हुए श्री शेट्टार ने कहा कि उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें (श्री शेट्टार को) टिकट नहीं दिया गया तो उत्तर कर्नाटक में भाजपा की 20-25 सीटों पर असर पड़ेगा। श्री सिद्दारामैया ने कहा कि कांग्रेस किसी भी तरह श्री शेट्टार का अपमान नहीं करेगी।

***मोर्चा के जरिए मिशन पर भाजपा, निशाने....***

में लगी है । इस विधेयक को राज्यपाल से मंजूरी नहीं मिल पाई है मगर यह प्रदेश का सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने आरक्षण को बड़ा मुद्दा बनाया है। अन्य वर्गों की तरह अनुसूचित जाति को भी 16 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर आंदोलन करने की रणनीति बन रही है। प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकंडेय ने कहा कि वर्ग के लिए यह सरकार अभिशाप बन चुकी है। अनुसूचित जाति को 16 प्रतिशत आरक्षण देने की कांग्रेस ने घोषणा की थी वह पूरा नहीं हो पाया है। आरक्षण के मुद्दे को लेकर मई में आंदोलन करने है।

***स्पेसएक्स से सबसे ताकतवर रॉकेट की....***

**स्टारशिप लॉन्च में क्या होगा? :** ये पूरा लॉन्च 90 मिनट का होगा। टेस्ट फ्लाइट के दौरान, लिफ्ट ऑफ के लगभग 3 मिनट बाद बूस्टर अलग हो जाएगा और गल्फ ऑफ मैक्सिको में लैंड कर जाएगा। शिप 150 मील यानी 241.40 किलोमीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर पृथ्वी के चक्कर काटेगा और फिर हवाई कोस्ट पर स्पैल्शडाउन होगा। यानी इस टेस्ट में स्टारशिप वर्टिकल लैंडिंग अटेम्प्ट नहीं करेगा। नीचे दिए ग्राफिक्स से लॉन्च की पूरी प्रोसेस को आप आसानी से समझ सकते हैं।

**मिशन के सफल होने की संभावना केवल 50 प्रतिशत :** इस टेस्ट की सक्सेस मस्क को मंगल ग्रह पर उनके शहर बसाने के सपने के और करीब ले जाएगी। हालांकि मस्क ने हाल ही में कहा था कि स्टारशिप के पहले ऑर्बिटल मिशन के सफल होने की संभावना केवल 50त्न है, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि स्पेसएक्स साउथ टेक्सास साइट पर कई स्टारशिप व्हीकल बना रहा है। इन्हें आने वाले महीनों में जल्दी-जल्दी लॉन्च किया जाएगा और लगभग 80त्न संभावना है कि उनमें से एक इस साल ऑर्बिट में पहुंच जाएगा।

**फ्यूचर में मंगल ग्रह पर कैसे पहुंचेगा स्टारशिप? :** स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट मिलकर रियूजेबल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम बनाते हैं जो ऑर्बिट में रिफ्यूलिंग करने में सक्षम है। ये सिस्टम मार्स की सरफेस पर मौजूद नेचुरल एसओ2 और सीओ2 के रिसोर्सेज से खुद को रिफ्यूल भी कर सकता है। इंसानों पर मंगल ग्रह पर भेजने की बात करें तो सुपर हैवी बूस्टर के साथ स्टारशिप को लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद बूस्टर अलग हो जाएगा और पृथ्वी पर लौट आएगा। अब पृथ्वी से एक रिफ्यूलिंग टैंकर लॉन्च होगा। ये टैंकर ऑर्बिट में स्टारशिप से डॉक हो जाएगा और रिफ्यूलिंग के बाद वापस पृथ्वी पर लौट आएगा। स्टारशिप अब पृथ्वी के ऑर्बिट से मंगल की अपनी यात्रा शुरू करेगा। स्टारशिप मंगल ग्रह के वायुमंडल में 7.5 किमी/सेकण्ड की रफ्तार से प्रवेश करेगा और फिर धीमा हो जाएगा। इस व्हीकल की हीट शील्ड को कई मल्टिपल एंट्री के लिए डिजाइन किया गया है। धीमा होने के बाद स्टारशिप मंगल पर लैंड कर जाएगा। मंगल ग्रह पर पृथ्वी से पहुंचने में करीब-करीब 9 महीने का समय लगेगा और वापस आने में भी इतना ही।

## आईपीएल में पहला शतक लगाकर सबसे बड़े खिलाड़ी बने वेंकटेश अय्यर



नई दिल्ली। आईपीएल 2023 का रोमांच जारी है। सभी टीमें और खिलाड़ी अपना अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच टीमों में प्लेऑफ में जाने की रेस और भी जबरदस्त होती हुई नजर आ रही है, साथ ही सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले प्लेयर्स को मिलने वाली पर्पल और ऑरेंज कैप में भी हर मैच के बाद बदलाव हो जा रहा है। प्लेयर्स के बीच इसको लेकर जबरदस्त घमासान देखने के लिए मिल रहा है।

रविवार को खेले गए कोलकाता नाइटराइडर्स यानी केकेआर के खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल का अपना पहला शतक भी जड़ दिया। खास बात ये भी है कि आईपीएल के 15 साल के इतिहास में वेंकटेश अय्यर केकेआर के ऐसे महज दूसरे ही खिलाड़ी हैं, जिन्होंने शतक लगाया है। लेकिन एक सेंचुरी लगाने के बाद ही वे इस साल के आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अभी तक पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन इस मामले में नंबर एक पर थे, लेकिन अब वे पीछे रह गए हैं।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए केकेआर के मैच में वेंकटेश अय्यर नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए आए। वैसे तो वे कहने के लिए नंबर तीन पर आए, लेकिन एन जगदीशन के आउट होने के बाद वे दूसरे ही ओवर में बल्लेबाजी के लिए आ गए थे। वेंकटेश अय्यर ने महज 51 गेंदों पर 104 रन की पारी खेली। इसमें नौ छक्के और छह चौके शामिल रहे।

उनका स्ट्राइक रेट 200 से भी ज्यादा का था। बड़ी बात ये है कि वेंकटेश अय्यर ने जहां एक ओर शतक लगाया, वहीं टीम का दूसरा कोई भी बल्लेबाज अर्धशतकीय पारी तक नहीं खेल पाया। इसलिए लिए 185 रन ही बना सकी और मुंबई इंडियंस ने 18वें ओवर में ही टारगेट चेज कर पांच विकेट से मैच अपने नाम कर लिया।

## आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन खिलाड़ियों पर लगा भारी भरकम जुर्माना

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच आईपीएल 2023 का 22वां मुकाबला विवादों से भरा रहा। इस मुकाबले में केकेआर के कप्तान नितीश राणा और ऋतिक शौकीन के बीच जबर्दस्त विवाद हुआ। वहीं वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव पर भी 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा।

कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान नितीश राणा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। नितीश राणा ने आईपीएल आचार संहिता के आर्टिकल 2.21 के अंतर्गत लेवल 1 अपराध स्वीकार कर लिया है।

मुंबई इंडियंस के गेंदबाज ऋतिक शौकीन पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। शौकीन ने आईपीएल आचार संहिता के आर्टिकल 2.25 के अंतर्गत लेवल 1 अपराध स्वीकार कर लिया है। बता दें कि आईपीएल आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन में मैच रेफरी का फैसला निर्णायक माना जाता है।

# स्थानीय बाजार में मांग के दृष्टिगत उत्पाद करें तैयार - कलेक्टर

○ प्रत्येक गौठान बने आजीविका मूलक गतिविधियों का विकसित केंद्र
○ गोबर पेन्ट यूनिट लगाने के लिए कहा



**कृषि समूह और रीपा योजना की कलेक्टर ने की समीक्षा, रीपा योजना अंतर्गत चिन्हित गौठान में नर्सरी करें तैयार**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि समूह और रीपा योजना की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि गोधन न्याय योजना अंतर्गत गौठान आजीविका मूलक गतिविधियों का केन्द्र बन रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम निर्धारित करें। महिला समूह को अवसर उपलब्ध कराते हुए विशेष प्रशिक्षण देने के साथ ही स्थानीय मांग और बाजार की उपलब्धता के आधार पर उत्पाद तैयार किया जाएं। कलेक्टर ने जिले के अंतर्गत चिन्हित रीपा योजना अंतर्गत गौठान में किए जा रहे गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रीपा अंतर्गत चिन्हित गौठान में विशेष गतिविधियों का संचालन करें। योजना अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन में संचालित योजनाओं का बेहतरीन क्रियान्वयन करें। अगरबत्ती निर्माण, मसाला यूनिट, ईट निर्माण, सिलाई, कढ़ाई, कारपेंटर के अलावा सब्जी उत्पादन व मौसम आधारित गतिविधियों का संचालन करें। गौठान में मिलेट से संबंधित उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। मिलेट के उत्पाद को स्थानीय बाजार में विक्रय के लिए प्लेटफार्म तैयार करें। रीपा अंतर्गत चिन्हित गौठानों में प्रशिक्षण केंद्र का संचालन भी करें। प्रशिक्षण केंद्र में आसपास के ग्राम पंचायतों के महिला समूहों को समय-समय पर व्यवसायिक प्रशिक्षण देकर आर्थिक उन्नयन के लिए प्रोत्साहित करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मानसून के पूर्व वर्मी कम्पोस्ट के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाए। कोई भी वर्मी कंपोस्ट टांका खाली ना रहे और पर्याप्त मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन हो यह सुनिश्चित करें। रीपा अंतर्गत गोबर पेंट बनाने की यूनिट लगाएं, जिससे सभी शासकीय उपक्रमों में गोबर पेंट का उपयोग किया जा सके। सभी प्रकार के निर्माण कार्यों में गोबर पेंट का उपयोग किया जाए। कलेक्टर ने सभी रीपा के लिए चिन्हित गौठानों में नर्सरी तैयार करने कहा है। यहां तैयार किए गए पौधों को मानसून के दौरान निर्धारित स्थानों में रोपित करने का कार्य किया जा सकेगा। उन्होंने इस बात पर विशेष ध्यान रखने कहा कि गौठान आजीविका मूलक गतिविधियों का विकसित केंद्र बने और महिला समूह को निरंतर रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार ने रीपा अंतर्गत किए जा रहे रोजगार मूलक कार्यक्रम और गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गौठानों में मल्टीएक्टीविटी संचालित हैं। समूह की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए हरसंभव कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री नागेश्वरलाल पाण्डे, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री राजेश शर्मा, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. यूएस श्रीवास्तव, सहायक संचालक मत्स्य पालन श्रीमती गीतांजलि गजभिए सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण पहुचे विधायक के पास

**विधायक ने जल्द ही नाली स्वीकृत करने का दिया आश्वासन**



गंडई पंडरिया (दावा)। जनपद पंचायत छुईखदान के ग्राम पंचायत मानपुर के वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 में पिछले कई वर्षो से नल जल योजना अन्तर्गत पानी का निकासी हो रहा है। और न ही नाली निर्माण कराया गया है जिसके वजह से घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है जिससे काफी दिक्कत हो रही।

उल्लेखनीय है की वर्तमान में पानी का निकासी नहीं हो पाने से सड़क में कीचड़ अधिक हो जाने की वजह से आवागमन में काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। नाली सड़क निर्माण व अन्य कई जनहित के समस्याओं को लेकर 16 अप्रैल रविवार को समय दोपहर 1 बजे मानपुर नाका के ग्रामीण एवं साल्हेवारा विधायक प्रतिनिधि तहमिद खान ने विधायक निवास खैरागढ़ पहुंचकर विधायक से भेंट-मुलाकात कर समस्याओं को विधायक यशोदा निलंबर वर्मा को अवगत कराया। ग्रामीणों की समस्या सुनकर विधायक श्रीमती वर्मा ने समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही। नाली निर्माण एवं सीसी रोड को जल्द ही बनवाने का आश्वाशन दिया गया।

वहीं इस अवसर पर साल्हेवारा विधायक प्रतिनिधि तहमिद खान, मजित खान, कादिर मोहमद, जलील खान, नसीम मिर्जा, जुमरात बेग मिर्जा, रिजवान खान, हलीम खान, इरफान खान साथ ही ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भुनेश्वर शोभाराम बघेल ने किया पटेल समाज भवन का भूमिपूजन व अन्य विकास कार्यो का लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत खैरा ब के आश्रित ग्राम भटगांव में रविवार को पटेल समाज भवन का भूमिपूजन एवं अन्य विकास कार्यों की लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुनेश्वर शोभाराम बघेल विधायक डोंगरगढ़ अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, रतनलाल यादव अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी घुमका, नेमदास साहू सरपंच ग्राम पंचायत खैरा ब, मंथीर साहू विधायक प्रतिनिधि डोंगरगढ़ रोहित पटेल समाज प्रमुख, दयाल सिंह साहू, विजय कुमार साहू, उपसरपंच भटगांव तथा पटेल समाज के सभी सामाजिक बंधुओं एवं समस्त ग्रामवासी भटगांव की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# आधार संचालकों की संभाग स्तरीय कार्यशाला संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। संभाग स्तरीय आधार कार्यशाला का आयोजन आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यशाला में यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) एवं चिप्स कार्यालय के अधिकारियों द्वारा संभाग अंतर्गत कार्यरत आधार सुपरवाईजर एवं ऑपरेटर्स को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में यूआईडीएआई के अनीस एवं रजिस्ट्रार कार्यालय चिप्स रायपुर के हर्ष कुमार, नीलेश सोनी, महेन्द्र तथा ईडीएम दुर्ग श्रुति अग्रवाल, ईडीएम राजनांदगांव श्री सौरभ मिश्रा, ईडीएम बालोद इंद्रजीत उपस्थित थे। कार्यशाला में आधार कार्ड पंजीयन एवं सुधार के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। उनके जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आधार संचालकों को समय-समय पर जारी यूआइडीएआई के नियमों एवं संशोधनों की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में आने वाले समय में इन-हाऊस मॉडल के तहत केन्द्र संचालन के संबंध में बताया गया। कार्यशाला में संभाग के सभी जिलों से पहुंचे प्रतिभागियों द्वारा नये नियमों का पालन करने तथा नियमानुसार कार्य करने की बात कही गई।

कार्यशाला का संचालन सीएससी राजनांदगांव आशीष स्वर्णकार ने किया। प्रशिक्षण में राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद एवं कबीरधाम जिले के आधार केन्द्र संचालक उपस्थित थे।

# महिलाओं के हड़ताल से अनेक योजनाएं ठप्प



डोंगरगांव (दावा)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के 32 संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल विगत कई दिनों से जारी है. जिसमें समस्त कैडर पीआरपी, एफएलसीसीआर, आरबीके, बैंक मित्र सक्रीय महिला कृषि मित्र, कृषि सखी, पशु सखी के हड़ताल के चलते सभी ग्रामों के महिला स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज नहीं होने के कारण महिलाओं को आर्थिक एवं लेनदेन में परेशानी हो रही है. बैंकों में खाता खुलवाने, बीमा, संगठनों के लेनदेन, नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी जैसे योजना गौठान संचालन, गोबर खरीदी बिक्री में पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चला है.

# अब्दुल कादर बने अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष



डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष इरफान शेख ने धुसेरा निवासी अब्दुल कादर को डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया.अब्दुल कादर लगातार पार्टी मे विभिन्न पदों पर कार्य कर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे है. इनकी इसी सक्रियता को देखते हुए इन्हे महत्वपूर्ण जवाबदारी दिया गया. इनकी नियुक्ति पर पूर्व विधायक रामजी भारती, मण्डल अध्यक्ष जैन मेश्राम, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, कचरू साहू,लखन जनघेल,उपकार साहू, मनीष सोनी, जितेन्द्र गेंडरे, मनी खुतेल, भारती खुतेल, रवि यादव, राघवेन्द्र वर्मा, झूलेंद वर्मा, पिंटू मोहबिया, जीवन वर्मा, उदय सिन्हा, पीताम्बर सिन्हा सहित ग्रामीण मंडल ने बधाई दी.

# कांग्रेस, भाजपा की भ्रष्ट नीतियों की वजह से किसान पुत्र आत्महत्या करने पर मजबूर हुए - जनता कांग्रेस जे.



**किसान पुत्र आनंद के परिजन से मिले विष्णु लोधी**

डोंगरगढ़ (दावा)। मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौपे ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों को लेकर लगातार सरकारें कई बड़े दावे करती है.लेकिन आज भी किसानों की स्थिति अच्छी नहीं है.आज भी किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ता है. ऐसा ही एक मामले में कर्ज के बोझ तले दबे किसान पुत्र ने 9 अप्रैल को आत्महत्या कर ली थी.जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के जिला अध्यक्ष विष्णु लोधी किसान पुत्र आनंदराम कंवर के परिजनों से मिलने पहुंचे तो साफ तौर पर कहा कि किसी को पता नहीं कितना किसानों का हाल बेहाल है, सरकार कागजी तरक्की से खूब खुशहाल है.

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार और केंद्र की बीजेपी सरकार की भ्रष्ट नीतियों की वजह से किसान पुत्र को आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा. इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और खल्लारी के आनंद कंवर के परिजनों को 50 लाख की सहायता राशि, परिजनों में किसी एक को सरकारी नौकरी, मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई एवं मेढ़ा सोसायटी के उन सभी किसानों जिनके साथ धोखाधड़ी हुई है उन सभी के खातो को तत्काल निरंक करने की मांग की है.

इससे पहले विष्णु लोधी ने ग्राम खल्लारी में आत्महत्या करने वाले किसान आनंद कंवर के परिवारजनों से भेंट किया और न्याय की लड़ाई लड़ने की बात कही। उनके साथ कोषाध्यक्ष भगवती वर्मा, जिला सचिव पारस टाडेकर, विसराम वर्मा आदि बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# कर्मा सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत बाटगांव में रविवार को कर्मा सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन। ग्राम बाटगांव में संगठन को लेकर मंडल साहू समाज पटेवा एवं ग्रामीण साहू समाज बाटगांव के तत्वाधान में बैठक आयोजित किया गया तत्पश्चात कर्मा सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया।

भूमिपूजन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भुनेश्वर शोभाराम बघेल विधायक डोंगरगढ़ व अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, रतन लाल यादव अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी घुमका, मंथीर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज पटेवा, श्रीमति जीता संतोष वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत बाटगांव, टिकू यदु, धन्ना यादव, डोमारदास साहू, डॉ. धरमू साहू, चरणलाल साहू, खेमलाल साहू, हिरेंद्र साहू, दयाल सिंह साहू, माधव दास साहू, शिवकुमार साहू, शत्रुहन साहू, विजय कुमार साहू, शिव कुमार साहू अध्यक्ष बाटगांव, ईश्वर साहू सचिव बाटगांव तथा 16 गांव से पधारे अध्यक्ष/सचिव एवं समाजिक बंधुओं एवं समस्त ग्रामवासी बाटगांव की उपस्थिति रही।



# कानफ्लुएंस महाविद्यालय में मेकिंग हर्बल गुलाल वर्कशॉप का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। कानफ्लुएंस महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस सेल के द्वारा होली रंग उत्सव के उपलक्ष में एक दिवसीय मेकिंग हर्बल गुलाल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें एक्सपर्ट के रूप में श्रीमती रोहिणीराम पाटणकर उपस्थित थी जिन्होंने होली त्यौहार के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को केमिकलयुक्त गुलाल के प्रयोग से दूर रहकर होली खेलने का सुझाव दिया और नेचुरल हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जिसमें उन्होंने अलग-अलग फूलों, पत्तियों तथा फलों का इस्तेमाल कर होली त्यौहार हेतु रंग गुलाल बनाना विद्यार्थियों को सिखाया। गुलाल बनाने के लिए गेंदे के फूल, गुलाब के फूल, पालक की पत्तियां एवं चुकंदर अरारोट तथा फूड कलर का इस्तेमाल कर रंग गुलाल बनाना विद्यार्थियों को सिखाया तथा यह भी बताया कि यह पूर्णता हर्बल है इसे किसी भी प्रकार का कोई साइड इफेक्ट, एलर्जी, स्किन प्रॉब्लम नहीं होती है। इस वर्कशॉप के आयोजन के संबंध में महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस सेल प्रभारी श्रीमती प्रीति इंदौरकर ने कहा कि इस हर्बल गुलाल वर्कशॉप से विद्यार्थियों को गुलाल बनाने विद्यार्थियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा केमिकल रहित गुलाल उपयोग करने की सलाह दी गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रचना पांडे ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वयं फूल, सब्जियों से गुलाल बनाकर इस होली के पर्व को और उत्साह के साथ मनाने के लिए प्रेरित करता है।

महाविद्यालय डायरेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशाला का आयोजन विद्यार्थियों में एक नई सोच को विकसित करता है। इस हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित कर आशा जताई। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# भाजपा ने मनाई बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की जयंती



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर भाजपा मंडल के द्वारा बाबा साहब की जयंती मनाई गई. नगर में भव्य आयोजन किए गए. झांकी की सुंदर प्रस्तुति दी गई और शहर में भव्य जुलूस निकाला गया. इस जुलूस का स्वागत शहर भाजपा के तत्वाधान में शासकीय अस्पताल के पास भव्य मंच लगा कर किया गया. इस आयोजन में भाजपा प्रदेश अनु.जा. मोर्चा के प्रभारी और पूर्व विधायक रामजी भारती, सुरेन्द्र बन्नोआना, सुनील जैन, अमित जैन, महेंद्र भाई पटेल ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया. सभी को ठंडा पेय पदार्थों का वितरण किया गया.

इस अवसर पर रामजी भारती ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया और कहा कि बाबा साहब का मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और देश और समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करने की बात कही और बताया कि भाजपा की सरकार में बाबा साहब के जन्मस्थली महू का विकास हुआ और नई दिल्ली में आंबेडकर फाउंडेशन के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चो को उच्च शिक्षा के लिए अनुदान की व्यवस्था की गई. आज हम सभी बाबा साहब के सिद्धांतों को अमल कर आगे बढ़े। यही बाबा साहब के प्रति हम सभी की सच्ची पुष्पांजलि होगी. इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बन्नोआना, सुनील जैन, मण्डल अध्यक्ष अमित जैन, अनु.मोर्चा के अध्यक्ष राजेश गजभिए, महेंद्र भाई पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगढ़, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, अनिता इंदुलकर, जैन मेश्राम, राकेश अग्रवाल, जितेन्द्र गेंडरे, लोकेश इंदुलकर, रमन डोंगरे, नागेन्द्र परिहार, गिरेंद्र साहू, श्याम तिवारी, रतन कोसे, सचिन वर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# श्रीसेन जयंती समारोह में शामिल हुईं विधायक छन्नी साहू

राजनांदगांव (दावा)। विखं छुरिया के ग्राम मोहगांव में श्रीसेन जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। समारोह में खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू बतौर अतिथि शामिल हुईं। सर्व सेन समाज व सेलून व्यवसाय संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम से पूर्व शोभा यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने इस दौरान सेन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सेन समाज संगठित समाज है जो जनमानस के बीच रहकर सामाजिक समरसता बनाये रखने का कार्य करते हैं। हर वर्ग व हर क्षेत्र में इन सबकी उपस्थिति व सहभागिता रहती है। समाज में इस तरह की जयंती के साथ साथ अनेकों आयोजन होते रहना चाहिए जिससे सामाजिक एकता व अखण्डता बनी रहे।



उन्होंने मानवता को सन्मार्ग की दिशा देने वाले, सत्य अहिंसा व सदभावना के प्रति महान आध्यात्मिक सन्त शिरोमणि श्री सेन जी की महराज जी की 723वी जयंती पर नमन करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा व संस्कार को बनाये रखने में सेन समाज की अग्रणी भूमिका है,जो कि अनुकरणीय है।

कार्यक्रम में शेखर भारद्वाज, संजीव तुमरेकी, रमेश्वर चंद्रवंशी, रोहित सेन, विजय भारद्वाज, जयशंकर सेन, बिजेक सेन, पुनीत भारद्वाज, नीलकंठ सेन, सोना राम, पूरण सेन, देवकुमार सेन, उत्तम सेन, रोहित सेन, जगदीश सेन, चुन्नूलाल सेन, परमाल सेन, दयाशंकर सेन, ईश्वर सेन, मदन सेन, सुरेश सेन, दानीराम सेन, श्याम बाई, रूपेंद्र सेन, भीष्म सेन, आरती लाल, संतराम, सुरेंद्र सेन, धनेश राम, तुलुराम के साथ साथ अन्य सामाजिकगण उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के कलाकारों के लिए मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना एवं अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों के लिए छात्रवृत्ति योजना

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के कलाकारों के लिए मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना एवं अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों के लिए छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ अंचल के विविध लोक कलाओं नृत्य-संगीत, लोक नाट्य, लोकगाथा, छत्तीसगढ़ गीतकार, वाद्ययंत्र वादक, शिल्प कलाकार, छत्तीसगढ़ पाक कला, छत्तीसगढ़ सौन्दर्यकला के कार्यशील कालाकारों के संरक्षण, संवर्धन एवं कला दलों को प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है।

इसके साथ ही राज्य के होनहार किन्तु अर्थाभावग्रस्त युवा कलाकारों को उच्च प्रशिक्षण व शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के लिए अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों के लिए छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी संस्कृति विभाग की वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

# बस-ट्रैक्टर की भिड़ंत में दो की मौत : तुमड़ीबोड़ में हुआ हादसा, पांच घायल; महाराष्ट्र से जा रही थी रायपुर

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ आ रही बस सोमवार सुबह हादसे का शिकार हो गई। राजनांदगांव में तेज रफ्तार बस ने आगे लकड़ी लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस के चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। उनका शव अंदर ही फंस गया। जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया है। बस महाराष्ट्र के अमरावती से रायपुर जा रही थी। हादसा तुमड़ीबोड़ थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र के महेंद्रा ट्रेव्हल्स की बस अमरावती से रायपुर जा रही थी। इसी दौरान राजनांदगांव में सुबह करीब 6-7 बजे ग्राम कोहका के पास नेशनल हाईवे-53 पर बस ने आगे लकड़ी लेकर जा रहे



ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लकड़ी से भरी ट्रॉली अलग होकर बस के आगे फंस गई। इससे बस के केबिन में लगा शीशा टूट गया और अंदर फंसकर चालक व कंडक्टर की मौत हो गई। जबकि बस में सवार एक यात्री और ट्रैक्टर सवार चार लोग भी घायल हुए हैं। हादसा होते देख स्थानीय लोगों ने तुमडीबोड़ पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे चालक और कंडक्टर का शव बाहर निकाला जा सका है। चालक की पहचान राजस्थान निवासी प्रेम सिंह (45वर्ष) के रूप में हुई है। परिचालक तेजराम पल्लो (40वर्ष) छत्तीसगढ़ के बीजापुर का रहने वाला था। हादसे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इसी तरह बस में सवार नागपुर बुद्ध विहार निवासी पंकज भोवते की जख्मी होने की सूचना है। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज हास्पिटल-पेंड्री लाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में ले लिया है।

# क्षतिग्रस्त ट्रांसफर दे रहा है हादसे को न्योता



राजनांदगांव (दावा)। पटरी पार शहर के शंकरपुर वार्ड नंबर 9 गणपति नगर में विद्युत मंडल द्वारा लगाया गया ट्रांसफार्मर कभी भी हादसे का न्योता दे सकता है। ऐसा इसलिए लिखा जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से लगाया गया ट्रांसफार्मर अफसरों की उदासीनता के वजह से पूरी तरह से झुक चुका है। समय रहते इस ज्वलंत मुद्दे पर सुधार नहीं हुआ तो जनहानि नही होगी इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। मामले को लेकर वार्ड वासी कैलाश नगर स्थित मुख्य विद्युत मंडल कार्यालय में कई बार मौखिक एवं लिखित शिकायत कर थक चुके हैं, लेकिन अफसर मुआयना कर सब कुछ ठीक है, बोलकर लौट जाते है। ऐसा पता चला है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी इस पूरे मामले की खबर रखे हुए हैं, लेकिन मामला कहां पर अटका हुआ है, समझ से परे है।

# सभी वेसलियन चर्च, स्कूल और लेप्रोसी हॉस्पिटल के अध्यक्ष सुमन लाल होंगे, न्यायालय ने दिया निर्णय



राजनांदगांव(दावा)। न्यायलय के पटाक्षेप और 26 वर्षो के कानूनी लड़ाई के पश्चात् अब वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड़ के द्वारा सभी वेसलियन चर्चो, स्कूलों और लेप्रोसी हॉस्पिटल का संचालन करेगी। सुमन लाल, जो कि दी मध्यप्रदेश एनुअल कॉन्फ्रेंस ऑफ दी वेसिलयन मेथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष है, उन्होंने इस संबंध में सभी वेसलियन चर्चों, स्कूलों के प्राचार्यो और लेप्रोसी हॉस्पिटल के प्रबंधक को नोटिस जारी कर माननीय न्यायालय के आदेश की जानकारी दे दिया है।

श्री लाल का कहना है कि 26 वर्षो तक अनावश्यक कुछ स्वार्थी लोगों के कारण चर्च में विभाजन हो गया था और मसीह समाज की बहुत बदनामी झेलने के पश्चात् अब न्यायालय ने भी यह निर्णय दे दिया है कि वे ही संस्था का वैधानिक अध्यक्ष है, इसलिए अब सभी वेसलियन चर्च, स्कूल और लेप्रोसी हॉस्पिटल अब हमारी संस्था के द्वारा ही सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। श्री लाल ने इस संबंध में सभी पास्टरों, प्राचार्यो और प्रबंधक को जानकारी दे दिया गया है।

# नवाज के नेतृत्व में 11 गांव के किसानों ने कलेक्टर से की मुलाकात, जोशीलमती का सहायक समिति प्रबंधक निलंबित

राजनांदगांव (दावा)। छुरिया विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जोशीलमती के सहायक समिति प्रबंधक द्वारा किसानों पर एलआईसी कराए जाने का दबाव बनाए जाने की शिकायत सामने आने के बाद जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में समिति से जुड़े 11 गांवों के किसानों ने कलेक्टर से मुलाकात की थी, जिस पर उसे तत्काल निलंबित करने का आग्रह किया गया. जांच उपरांत उप पंजीयन कार्यालय द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए सहायक समिति प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है. निलंबन अवधि में सहायक समिति प्रबंधक को जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी,सहायक समिति प्रबंधक को निलंबित किए जाने से किसानों में काफी हर्ष व्याप्त है।

## समिति प्रबंधकों द्वारा किसानों को एलआईसी कराने पर ही लोन देने दबाव

ज्ञात हो कि सोसायटियों में किसानों को लोन देने के नाम पर समिति प्रबंधकों द्वारा लगातार परेशान किए जाने की शिकायत सामने आने के बाद जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने इसे गंभीरता से लिया है. छुरिया विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जोशीलमती सोसायटी में भी सहायक समिति प्रबंधक कैलाश प्रसाद गजपल्ला द्वारा किसानों को लोन देने के पूर्व एलआईसी कराने का दबाव बनाया जाता विकासखंड क्षेत्र था. 11 गांव के किसानों ने इसकी शिकायत के अंतर्गत आने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष वाले जोशीलमती नवाज खान से की थी, जिस पर उन्होंने इस के मामले को गंभीरता से लेने के बाद कलेक्टर समिति प्रबंधक से मुलाकात की थी. जिस पर कलेक्टर ने द्वारा शासकीय जांच के आदेश दिए थे. शिकायत की जांच योजनाओं डी के मिश्रा सहकारिता विस्तार अधिकारी विकासखंड छुरिया द्वारा कराई गई. जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर सहायक समिति प्रबंधक कैलाश प्रसाद गजपल्ला के विरूद्ध समिति कर्मचारी सेवा नियम 2018 के तहत वैधानिक कार्यवाही किया जाना उचित पाया गया. सहायक समिति प्रबंधक के इस कृत्य को लेकर कर्मचारी सेवा नियम 2018 एवं अधिनियम तथा उप नियम के आधार पर तत्काल निलंबन करने की कार्रवाई कर दी गई है. किसानों ने नवाज खान से शिकायत की थी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान का कहना है कि छुरिया सहायक का किसानों को लाभ देने के पूर्व एलआईसी कराने का दबाव बनाया जाता था, जिसकी शिकायत समिति से जुड़े 11 गांवों के किसानों ने की थी, जिस पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर से मुलाकात की गई थी. जांच उपरांत सहायक समिति प्रबंधक को निलंबन करने की कार्रवाई की गई है।

# क्रेशर पत्थर खदान के विरोध में ग्रामीण करेंगे संघर्ष पदयात्रा

**रामपुर से कलेक्टर कार्यालय राजनांदगांव पहुंचेगे ग्रामीण**

डोंगरगांव (दावा)। जनपद क्षेत्र के ग्राम मोहभट्ठा-रामपुर के ग्रामीण क्रेशर पत्थर खदान के विरोध में मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय तक संघर्ष पदयात्रा की घोषणा की गई है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शासन प्रशासन को पूर्व में कई बार क्षेत्र में चल रहे अवैध पत्थर खदान से ग्रामीणों को हो रही परेशानी के विषय में अवगत कराया गया था किन्तु प्रशासनिक सुस्ती के चलते अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई. ग्रामीणों ने बताया कि खदान संचालन के द्वारा खदान में लगातार भारी मात्रा में बारूद के उपयोग से पत्थर निकालने के लिए लगातार ब्लास्टिंग किया जा रहा है, जिससे दोनों गांव में पेयजल पानी के लिए बहुत ही गंभीर समस्या हो गई है. इस गंभीर ब्लास्टिंग से कई के घरों में दरारें भी आ गई है, किसानों का ट्यूबवेल समय से पहले बंद पड़ गया है, जिससे हताश होकर ग्राम मोहभट्ठा एवं रामपुर के ग्रामीणों ने न्याय के लिए संघर्ष पदयात्रा निकालने की घोषणा की है. यह पदयात्रा 18 अप्रैल मंगलवार ग्राम मोहभट्ठा और रामपुर के ग्रामीणों व्दारा रामपुर से कलेक्टर कार्यालय राजनांदगांव तक की जायेगी.

# फर्जी ऋण पीड़ित किसानों ने सौपा दो सूत्रीय ज्ञापन

राजनांदगांव(दावा)। फर्जी ऋण पीड़ित किसानों ने सोमवार को खलारी में प्रदेश किसान के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। चर्चा उपरान्त निष्कर्ष निकाला गया कि, किसानों से फर्जीवाड़ा के लिए बैंक प्रबंधन की जवाब देही है। डीएमआर खाते से ऋण की राशि का भुगतान खाताधारक को ही किया जा सकता है और बड़ी संख्या में खाताधारक किसानों की बजाय करोड़ों की राशि दूसरे को भुगतान किया जाना, बिना बैंक के संलिप्तता के संभव ही नहीं है, ऐसे में बैंक प्रबंधन से फर्जी ऋण की राशि निरंक कराने पूरी ऊर्जा लगाने की रणनीति बनाई गई।

लिखित में जिला प्रशासन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक प्रबंधन और बैंक के डोंगरगढ़ शाखा को सूचित करने का निर्णय लिया गया है। किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत एफआईआर दर्ज नहीं कराने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद जिला कार्यालय पहुँचकर कलेक्टर से चर्चा कर ज्ञापन सौपा गया। दो सूत्रीय ज्ञापन में फर्जी ऋण की राशि खाते से निरंक करने एवं पीड़ित कंवर



परिवार को लखीमपुर खीरी की तरह पचास लाख मुआवजा छ.ग. शासन से दिलाने कार्यवाही करने की माँग की गई। तत्पश्चात जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पहुँचकर सीईओ सुधीर सोनी को चर्चा उपरान्त ज्ञापन सौंपा। एक सूत्रीय माँग किसानों के खाते में फर्जी ऋण की राशि निरंक किए जाने की माँग की गई। एक सप्ताह में नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

**बैंक की संलिप्तता से ही खाताधारक की राशि का भुगतान दूसरे को हुआ**

कलेक्टर एवं बैंक सीईओ से चर्चा के दौरान कसारी सोसायटी के 2002 के गबन मामले की तरह समाधान कर किसानों को राहत दिलाने की मांग की गई।

आगे डोंगरगढ़ बैंक शाखा को कसारी सोसायटी गबन मामले में किसानों के खाते से फर्जी ऋण की राशि शून्य करते हुए गबनकर्ता से वसूली की प्रक्रिया अपनाई गई थी। कलेक्टर ने इस पर अवलोकन करा लेने की बात कहीं। एवं किसानों को खाद-बीज मिलने असुविधा नहीं होने देने का आश्वासन भी दिया। उपपंजीयक द्वारा स्पेशल आडिट नहीं कराये जाने की बात एवं इसके अभाव में बैंक प्रबंधन द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज नहीं किये जाने की बात पर कलेक्टर ने सभी को हिदायत दिये जाने एवं किसानों को इस बारे में निश्चिंत रहने की बात कही हैं। नामवार कितनी राशि का फर्जीवाड़ा किया गया, इसकी जानकारी सौंपी जावेगी। इस हेतु सुची बनाने की जवाबदारी किसानों ने आपस में बांटी है। न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने के लिए पीड़ित किसानों की संघर्ष समिति बनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें प्रत्येक पीड़ित किसान सदस्य एवं प्रत्येक गाँव से प्रतिनिधि शामिल होंगे।

इस दौरान प्रदेश किसान सुंघ संयोजक सुदेश टिकम, प्रवक्ता मोतीलाल सिन्हा, विनेक मंडावी, खुमन साहू, हरिचन्द्र साहू, फिरंता चंद्रवंशी, श्रीवास्तव चंद्रवंशी, आत्महत्या पीड़ित किसान भागीरथ कंवर, वासुदेव कंवर, शिवराम चंद्रवंशी, विष्णु लोधी, उत्तम, कुंजेलाल, आशाराम, राजेन्द्र लहरे, ग्राम पटेल पूनम, रामप्रवेश कंवर जंत्री बाई,परदेशनीन, ज्ञानचंद, पंचलाल, शिवदेव, गंगुराम, बिहारी लाल गनपत, शांतानंद, रमेश, जितेन्द्र, मुकुन्दराम सहित बड़ी संख्या में खलारी, मुड़पार, पिनकापार, माटेकटा, मेढ़ा, धनडोगरीं, डुंडेरा के किसान शामिल रहे।

# एक ही उद्देश्य शांति स्थापित करना : 17 सदस्यीय टीम ने जाना लोगों का मन, अब मदनवाड़ा इलाके में होगी बैठक



राजनांदगांव(दावा)। नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति स्थापित करने विशेष अभियान की शुरुआत हुई है। इस अभियान का नाम चैकले मांदी है। जिसका मतलब सुख-शांति के लिए बैठक है। सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ पत्रकार शुभ्रांशु चौधरी अपनी 17 सदस्यीय टीम के साथ इसकी शुरुआत रविवार को पानाबरस से की है। पहली बैठक में 25 गांव के लोग शामिल हुए। यह टीम धुर नक्सल प्रभावित गांवों में पहुंचेगी। मोहला-मानपुर-चौकी जिले के संवदेनशील गांव पानाबरस से चैकले मांदी की शुरुआत हुई है। अभियान को लीड कर रहे शुभ्रांशु ने बताया कि बैठक में लोगों से क्षेत्र की वर्तमान स्थिति के बारे चर्चा की गई। जानने का प्रयास किया गया कि लोग नक्सल संगठन के विषय में क्या सोच रहे हैं। लोग हिंसा की बजाय शांति स्थापित करने के लिए क्या चाहते हैं। नक्सल संगठन और पुलिस के बीच हो रही घटनाओं को लेकर उनके मन में किस तरह के भाव हैं। पानाबरस में हुई बैठक में ग्रामीणों ने अभियान के सदस्यों की बातें सुनी और उनसे कई तरह की बातें भी साझा की। इसके अलावा टीम को अपने गांव में समय बिताने का आग्रह भी किया। टीम के सदस्य इसे अपने उद्देश्य के लिए सकारात्मक संकेत मान रहे हैं। टीम क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए किस तरह के पहले की जरूरत है, इसकी जानकारी जुटाई रही है। दरअसल अभियान का मुख्य उद्देश्य छग में नक्सलियों से वार्ता कर शांति स्थापित करना बताया गया है। इसकी सराहना की जा रही है।

## 50 नक्सल पीड़ितों की सूची बनी, उनसे भी होगी चर्चा

शुभ्रांश चौधरी ने बताया कि पहले दिन ग्रामीणों से चर्चा हुई। इसके बाद नक्सल हिंसा में प्रभावित लोगों से बातचीत होगी। इसके लिए 50 परिवारों की सूची भी बना ली गई है। जिसमें नक्सल हिंसा से प्रभावित लोग और जेल में बंद लोगों के परिजन शामिल है। चर्चा में उनसे नक्सल संगठनों की गतिविधियों को लेकर उनके विचार जानेंगे। इसके अलावा वनांचल में ऐसी हिंसा को खत्म करने के लिए उनकी क्या राय है, जानेंगे।

# नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र ने की आत्महत्या



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर से लगे बधियाटोला स्थित नवोदय विद्यालय में अध्ययन करने वाले दसवीं के छात्र ने अज्ञात कारणों से विद्यालय परिसर में ही स्थित छात्रावास में आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है.

जानकारी के अनुसार नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले छात्र तन्मय सहारे पिता गिरधारी सहारे स्थाई निवासी डौंडीलोहारा का बताया गया, जो सोमवार को ही अपनी घर से वापस विद्यालय आया था. और उसी दिन शाम 4.30 बजे विद्यालय परिसर में ही स्थित छात्रावास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा मृतक को आनन-फानन में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाया गया, जहां छात्र को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया. मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

आत्महत्या करने वाले छात्र का मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है. जांच पूर्ण होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी.

**- एमन साहू थाना प्रभारी डोंगरगढ़**

# आज टेडेसरा में सेन जयंती समारोह में आयेंगे गिरीश देवांगन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम टेडेसरा में आज 18 अप्रैल मंगलवार को श्री सेन जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरीश देवांगन अध्यक्ष खनिज विकास निगम है। अध्यक्षता जिला सेन समाज के अध्यक्ष निर्भय सेन करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में राजगामी सम्पदा सदस्य एवं कृषि उप मंडी के अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख व साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू उपस्थित रहेंगे। समरसता भवन टेडेसरा में आज सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा व शोभायात्रा निकाली जाएगे। इसके बाद 11 बजे से रामायण गायन तत्पश्चात 12 बजे से संत श्री सेन महराज की पूजा अर्चना कार्यक्रम आयोजित है।

आयोजन समिति सर्व सेन समाज इकाई व सेलुन संघ सोमनी के अध्यक्ष कौशल सेन, सचिव शिवा सेन ने बताया कि कार्यक्रम में जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पदम कोठारी, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, खिलेश्वरी साहू, ग्राम पंचायत टेडेसरा सरपंच श्रीमती दानी साहू, उपसरपंच देवलाल साहू व ब्लाक सर्व सेन समाज के नोहर सेन व सोमनी ईकाई सेन समाज के अध्यक्ष लवकुश सेन प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के लोगों ने समस्त सेन बंधुओं सहित सभी समाज के लोगों को श्री सेन महराज की जयंती कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# किसानों के साथ खुर्सीपार सोसायटी में कृषि ऋण पर हुआ भ्रष्टाचार - भरत वर्मा



राजनांदगांव(दावा)। प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने बताया कि खुर्सीपार सोसायटी में 90 प्रतिशत किसान, जिसने सन् 2017 में ऋण लिया था, किन्तु राज्य सरकार द्वारा ऋण माफ योजना में वर्ष 2018 में सम्पूर्ण कर्जमाफी कर चुका था।

लेकिन 2019-2022 तक किसान लगातार सोसायटियों में केसीसी के माध्यम से लोन लेते थे, और धान लिंकिंग के माध्यम से अपना कर्ज अदा कर देते थे। जबकि किसान वर्तमान में नये ऋण के लाभ हेतु सोसायटियों में जा रहे तो समिति प्रबंधक द्वारा किसानों को ऋण बकाया बताकर ऋण वसूल रहे है। जबकि पिछले सत्र में किसान के ऋण पुस्तिका में ऋण नील लिखा हुआ था।

इसी संबंध में आज खुर्सीपार के सैकड़ों की संख्या में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जॉच कराकर समिति प्रबंधक एवं जो भी दोषी पाये जाते है उन पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु मांग की गई है। किसानों के खातों में ऋृण माफ हुआ है उसका प्रमाण पत्र भी किसानों को प्राप्त हुआ हैं। अभी कुछ दिन पहले खल्लारी के किसान ने आत्महत्या किये थे, चूंकि वह भी केसीसी ऋृण का ही कारण है और कलेक्टर को ज्ञापन दिये थे उसमें भी एफआई.आर. किये है। इसी प्रकार जिले के अन्य सोसायटियों में भी किसान केसीसी ऋण में भ्रष्टाचार की बात कह रहे है। जिलाधीश से ग्रामीणों ने मांग की है कि जॉच कराकर दोषी व्यक्ति पर कार्यवाही की मांग की है। मुख्य रूप से जयपाल सिन्हा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पारस वर्मा, सरपंच खुर्सीपार, रामचरण वर्मा सरपंच सेम्हरा, गंगाराम सिन्हा, पूर्व सरपंच खैरा, हनुमान सिन्हा, रतिराम, सूरज वर्मा, जागेन्द्र सिन्हा, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, सुनते राम साहू, अशोक वर्मा, रूपेश ठाकुर, सुदर्शन वर्मा, कुशल वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित थे।

# स्टाफ नर्सो का शोषण बंद करो, झूठे वादे बंद करो के नारे के साथ नर्सो ने किया धरना-प्रदर्शन

राजनांदगांव(दावा)। शहर सहित जिले भर में बढ़ रही कोरोना की रफ्तार को देखते हुए मेडिकल कालेज हास्पिटल के स्टाफ नर्सो ने सोमवार को प्रबंधक डॉ. प्रदीप बैंक के कक्ष के सामने धरना-प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी जरूर की व दिनभर अपने काम बंद रखें। इससे मरीजों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

लगभग 40 की संख्या में प्रदर्शन कर रही स्टाफ नर्सो का एक सूत्रीय मांग स्टाफ नर्सो की भर्ती है। नर्सिंग एसोसिएशन की नर्स किरण देवांगन ने बताया कि 400 बिस्तर वाले मेडिकल कालेज हास्पिटल में कम से कम 300 नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है, लेकिन शासन ने यहां केवल 176 पद ही स्वीकृत किए है। इनके विरूद्ध भी वर्तमान में मात्र 60 पद ही भरे गये है। इनमें भी आए दिन कई नर्सेस मातृत्व या एजुकेशन अवकाश पर रहती है जिसके कारण सामान्यः हास्पीटल में मात्र 40 नर्सेस ही कार्यरत रहती है। उन्होंने बताया कि अधिक कमी के कारण नर्सो पर काम का दबाव अत्यधिक बढ़ गया है जिससे वे शारीरिक व मानसिक थकान का शिकार हो रहे है।

नर्सो ने बताया कि अंचल में कोरोना संक्रमण फिर से पैर पसार लिया है ऐसी स्थिति में स्टाफ की कमी के कारण उन पर अतिरिक्त दबाव आ पड़ा है। नर्सिंग ऐसोसिएशन की इस सन्दर्भ में मांग है कि जब तक नए नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति नहीं हो जाती संविदा कर्मियों की नियुक्त कर स्वास्थ्य सेवा को सुचारू किया जाए।



o नर्सिंग यूनियन की स्टाफ नर्सेस जल्दी भर्ती करने की मांग
0 प्रबंधक कक्ष के समीप की नारेबाजी

## साक्षात्कार में नहीं पहुंचे अफसर

सोमवार 17 अप्रेल को 50 से अधिक महिलाएं डेली वेजेस के लिए साक्षात्कार देने पहुंची थी। लेकिन घंटो खड़े रहने के बावजूद उनका साक्षात्कार नहीं लिया गया। इससे महिलाओं को काफी परेशानी हुई। काफी देर पश्चात हास्पिटल प्रबंधक डॉ. प्रदीप बेक व अफसरों के नहीं आने पर महिलाओं ने एक कागज में नाम लिखकर सहा. प्रबंधक डॉक्टर सी.एस. महोबे के हाथों सौंप दिया। बता दे कि मेडिकल कालेज हास्पिटल की स्टाफ नर्सों ने सोमवार को हास्पिटल अधीक्षक कक्ष के सामने स्टाफ का शोषण बंद करो... झूठे वादे बंद करो नर्सिंग यूनियन जिंदाबाद की आवाज बुलंद करते हुए जमकर नारेबाजी की। एसोसिएशन के लोगों ने बताया कि गुरूवार को हास्पिटल प्रबंधक को काम बंद हड़ताल की लिखित में सूचना दी थी जिस पर प्रबंधक डॉ. बैक द्वारा सोमवार से भर्ती लेने की बात कही गई। लेकिन न तो प्रबंधक आए और न डेलीवेजेस में लेने के लिए कमेटी गठित की, जिससे इंटरव्यू लिया जा सके। जबकि डॉक्टर बेक ने उन्हें अपने जितने जान पहचान है, बुला लीजिए कहा था जिनका वेरीफिकेशन के बाद डेलीवेजेस के लिए लिया जाना था। लेकिन डॉ. बैक आए ही नहीं। नर्सो ने बताया कि यदि उनकी एक सूत्रीय मांग मानी नहीं गई तो वे काम बंद कर कर्म बंद हड़ताल करने से पीछे नहीं हटेंगी।

> भर्ती के लिए कार्रवाई की जा रही है। लिस्ट बन रही है। आज इंटरव्यू लिया जाना था किन्तु पारिवारिक कार्यो के चलते डॉ. बैक नहीं आ पाए। नर्सिंग स्टाफ काम चालू रखे व भर्ती प्रक्रिया भी करें।
>
> **डॉ. सी.एस. महोबे**
> **सह-अधीक्षक, मेडिकल कालेज हास्पिटल, पेंड्री**

**ओम कार श्रृंगार**
मैटिंग, सीटकवर, लेमिनेशन फिल्म डोरवाईजर, वहील कवर नंबर प्लेट और सभी ब्रांड के म्यूजिक सिस्टम व जीपीएस सिस्टम व ऑल एसेसरीज
**धनंजय सिन्हा**
बागेश्वर मंदिर (गोल्ड टैंपल), मनसुख लाल पेट्रोल पंप के सामने, जी.ई.रोड़, राजनांदगांव
82510-20730

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com